आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 284- ● जबलपुर ● शुक्रवार, 19 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष -15 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935




## अन्नदाता खुश तो सब खुश

विशेष टिप्पणी – आशीष शुक्ला



*घर परिवार में भी अगर आपके कार्य का घर के सदस्य विरोध करें तो निर्णय बदलना ही हितकर होता है। कुछ ऐसा ही हो रहा था तीन कृषि कानूनों को लेकर। देश की सरकार भले ही इसे नेक नियत बता रही हो मगर कहीं न कहीं यह नेक नियत अन्नतादाताओं को रास नहीं आ रही थी। लंबी बातचीत के बाद भी अगर कानूनों को लेकर विरोध के स्वर मुखर हो रहे थे तो इस पर निर्णय करने में देर नहीं होनी चाहिए। गतिरोध घर से लेकर देश तक कभी भी लाभकारी नहीं बन सकता, लिहाजा सरकार ने अंततः अपना फैसला बदला। अब फैसले लेने और उसे वापस लेने को लेकर राजनीति कितनी भी आगे बढ़े। पर किसानों को राहत मिली यह प्रमुख है। वैसे देश में लोकतंत्र और लोकतांत्रिक मूल्यों की सदैव ही जीत होती रही है। इसे किसी की हार या किसी की जीत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। कहावत है अंत भला तो सब भला।*

**जिसके लिए कानून वही नाराज तो वापस लेना ही बेहतर**

## पीएम मोदी ने कहा कि हमारी तपस्या में ही कोई कमी रह गई होगी, जिस कारण मैं किसान भाइयों को समझा नहीं पाया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नए कृषि कानूनों के खिलाफ जो विरोध हो रहा है उसे देखते हुए आंदोलनकारी किसानों से घर लौटने का आग्रह करता हूं और तीनों कानून वापस लेता हूं। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत में संसद सत्र शुरू होने जा रहा है उसमें कानूनों को वापस लिया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि जो कर रहा हूं देश के लिए कर रहा हूं। पीएम मोदी ने किसानों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# तीनों कृषि कानून वापस

**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को एक बार फिर राष्ट्र को संबोधित किया। कोरोना काल में पीएम मोदी का यह 11वां संबोधन रहा। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत गुरुनानक देव की जयंती से की। उन्होंने देशवासियों को प्रकाशपर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पीएम मोदी ने नए कृषि कानूनों को वापस लेने का एलान किया।**




पीएम मोदी ने कहा कि किसानों की परेशानियों को नजदीक से देखा है। किसानों की चुनौतियों को कम करने के लिए कृषि कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। आज देश सपनों को पूरा होते देख रहा है। देश में 100 में से 80 किसान छोटे हैं। 80 फीसदी किसानों के पास 2 हेक्टेयर से कम जमीन है। छोटो किसानों की संख्या 10 करोड़ से ज्यादा। पीएम मोदी ने कहा कि फसल बीमा योजना को प्रभावी बनाया गया। आज छोटे किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है। किसान हित को प्राथमिकता दी गई है। 22 करोड़ किसानों को स्वॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। सरकार ने किसानों से रिकॉर्डतोड़ खरीदारी की है। किसान हित के लिए कई पुराने कानून खत्म किए गए हैं। छोटे किसानों को ताकत देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पीएम मोदी ने झांसी दौरे से पहले रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, मैं रानी लक्ष्मी बाई को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। पीएम ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

## क्विक रियेक्शन

### हार के डर से कानून वापस लिए – संजय राउत

इधर शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि आज सरकार को तीनों कृषि क़ानून वापस लेने पड़े हैं, राजनीति की वजह से यह वापस लिए गए हैं लेकिन मैं इसका स्वागत करता हूं। पंजाब और उत्तर प्रदेश के चुनाव में हार के डर की वजह से यह क़ानून वापस लिए हैं।

### किसानों को बहुत बड़ी सफलता मिली– केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं सभी देशवासियों को गुरू नानक देव की जयंती पर बधाई देता हूं। आज के दिन किसानों को बहुत बड़ी सफलता मिली है। मैं देश के सभी किसानों को बधाई देता हूं।

### मोदी की इस घोषणा का स्वागत : हन्नान मौला

कृषि कानून रद्द होने पर ऑल इंडिया किसान सभा महासचिव हन्नान मौला ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस घोषणा का स्वागत करता हूं। जब तक सदन से इस घोषणा पर कार्यवाही नहीं होती है, तब तक यह कोशिश संपूर्ण नहीं होगी।

### 700 किसानों की मौत के बाद जागी सरकार– खड़गे

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि 700 से ज़्यादा किसानों की मौत के बाद अगर ये सरकार कृषि क़ानून वापस लेती है तो इससे पता चलता है कि यह सरकार किसानों के बारे में कितना सोचती है।

### गुरुपरब दियां सब नूं बधाइयां : तापसी पन्नू

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने पीएम के एलान वाला एक स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा है, इसके साथ ही, गुरुपरब दियां सब नूं वधाइयां।

### आखिरकार जीत अपनी हुई : हिमांशी खुराना

हिमांशी खुराना ने इस फैसले पर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा- आखिरकार जीत अपनी हुई, सारे किसान लोगों को बहुत बहुत बधाई। हैप्पी गुरुपर्व।

### दुखद, शर्मनाक और गलत है वापसी : कंगना रनौत

कंगना ने तीनों कृषि कानूनों की वापसी पर नाराजगी और निराशा जाहिर करते हुए लिखा, दुखद, शर्मनाक और गलत... अगर संसद में बैठी सरकार के बजाय गलियों में बैठे लोग कानून बनाना शुरू कर दें तो यह भी एक जिहादी देश है उन सभी को बधाई जो ऐसा चाहते हैं।

### कानून वापस धन्यवाद नरेंद्र मोदी जी : सोनू सूद

सोनू सूद ने लिखा- किसान वापिस अपने खेतों में आएंगे, देश के खेत फिर से लहराएंगे। धन्यवाद नरेंद्र मोदी जी।

## राहुल बोले-सत्याग्रह से झुका अहंकार का सिर, टिकैत ने कहा-जारी रहेगा आंदोलन



**नई दिल्ली।** अलग दलों से नेताओं की प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। विपक्ष के नेता तीनों कृषि कानून वापस लेने पर सरकार के फैसले का स्वागत कर रहे हैं, साथ ही यह भी कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश व पंजाब में होने वाले विधानसभा चुनाव के चलते सरकार ने दबाव में यह फैसला लिया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि देश के अन्नदाता ने सत्याग्रह से अहंकार का सर झुका दिया।अन्याय के ख़िलाफ़ यह जीत मुबारक हो। जय हिंद, जय हिंद का किसान। वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यह किसानों की बहुत बड़ी जीत है।उनके संघर्ष को सलाम करता हूं। सरकार ने यह फ़ैसला उत्तर प्रदेश चुनाव को ध्यान में रखते हुए लिया है। वहीं किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि अभी किसान आंदोलन खत्म नहीं होगा। किसान संगठनों की ओर से राकेश टिकैत ने कहा कि जब तक आने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार कानून वापस नहीं लेती है, तब तक किसान आंदोलन खत्म नहीं होगा।




# भाजपा को राजनीतिक चोट का अंदाजा था

## गलत साबित हुई ढाई प्रदेश की थ्योरी, कृषि कानूनों पर अड़े रहने के नफा नुकसान का पता था

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह गुरु पर्व के दिन देश के नाम अपने संबोधन में तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा कर दी। किसानों एवं दूसरे वर्गों के अलावा खुद भाजपा के लोग भी पीएम की इस घोषणा पर हैरानी जता रहे हैं। तीनों कृषि कानूनों को लेकर अभी तक केंद्र एवं भाजपा का जो रवैया देखा गया, उससे किसानों की उम्मीद को झटका अवश्य लगा था। विपक्ष भी तकरीबन यही मानकर चल रहा था कि केंद्र सरकार, कृषि कानूनों पर पीछे नहीं हटेगी। 26 नवंबर को किसान आंदोलन को एक साल पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर किसान संगठनों ने कई कार्यक्रमों का एलान किया था। जय किसान आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अविक साहा कहते हैं कि किसान आंदोलन के फैलाव को लेकर केंद्र सरकार सदैव दोराहे पर रही है। केंद्र की यह थ्योरी कि ये तो ढाई प्रदेश के किसानों का आंदोलन है, इस पर ध्यान न दिया जाए। इसके बाद अब भाजपा का ये वहम भी खत्म हो गया है। दरअसल, हम शुरू से ही यह बात कहते आए हैं कि किसान तो हर राज्य में है। किसी के पास छोटी जोत है तो किसी के पास बड़ी। भाजपा को अब कृषि कानूनों पर अड़े रहने की राजनीतिक चोट का अंदाजा हो गया था।




### किसानों ने सरकार के भ्रम को तोड़ दिया

अविक साहा कहते हैं, सरकार ने इस आंदोलन को खत्म कराने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। पीएम की ये बात सही नहीं है कि सरकार ने किसानों को समझाने का प्रयास किया था। सरकार ने कभी तो मन से बात ही नहीं की। उसका तो केवल एक ही प्रयास रहा है कि किसी भी तरह किसानों का आंदोलन खत्म हो जाए, टूट जाए या बदनाम हो जाए। आंदोलन स्थल पर कुछ ऐसा हो जाए कि जिसकी आड़ में केंद्र सरकार, किसान आंदोलन को खत्म कर दे। सरकार को किसानों की दिक्कतों से कोई मतलब नहीं था। वह रोजाना केवल इतना देख रही है कि किसान आंदोलन मजबूत हो रहा है या कमजोर पड़ने लगा है। आंदोलन स्थल पर किसानों की संख्या बढ़ी या घटी रही है। किसान आंदोलन अभी तक शांति के साथ चलता आ रहा था। लंबे आंदोलन में धैर्य को तोड़ने और आंदोलनकर्ताओं को उकसाने के हर संभव प्रयास किए गए। संयुक्त किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य अविक साहा कहते हैं, संगठन अलग हैं, लेकिन मकसद एक है। इसी ने किसानों को एक बनाए रखा है। ये राष्ट्रव्यापी आंदोलन रहा है।

## बोले कैप्टन–भाजपा के साथ काम करने को उत्सुक



**चंडीगढ़।** कृषि कानून रद्द करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एलान से पंजाब की सियासत में नई सुगबुगाहट शुरू हो गई है। पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने इस फैसले पर खुशी जताते ये साफ किया है कि वे भाजपा के साथ काम करने को उत्सुक हैं। इस बयान के बाद ये साफ हो गया है कि पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा और कैप्टन मिलकर लड़ेंगे। ऐसे में पंजाब विधानसभा चुनाव में नया गठबंधन बनने की मार्ग प्रशस्त हो गया। उन्होंने ट्वीट किया कि केंद्र सरकार के इस फैसले से न केवल किसानों को बड़ी राहत मिली है बल्कि पंजाब की प्रगति का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

# एमपी में काउ सेस लगाने की तैयारी

**भोपाल** मध्य प्रदेश में गाय उपकर लगाया जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए अधिकारियों को योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। इस टैक्स से मिलने वाले रुपयों के जरिए राज्य सरकार गौशालाओं में गायों के चारे की व्यवस्था करेगी। प्रारंभिक स्तर पर रजिस्ट्री, शराब, वाहनों पर यह सेस लगाने की तैयारी है। सभी सरकारी दफ्तरों में गौ–फिनायल का उपयोग होगा। मध्य प्रदेश में गाय उपकर नई बात नहीं है। इससे पहले 15 महीने की कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने भी इसकी योजना बनाई थी। उस समय बात आगे नहीं बढ़ सकी। अब शिवराज सिंह चौहान सरकार इसको आगे बढ़ाने जा रही है। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश गौ–पालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इस संबंध में योजना बनाने को कहा है। प्रदेश में 20वीं पशु संगणना के अनुसार 01 करोड़ 87 लाख 50 हजार गौ–वंश हैं। इनके संरक्षण के लिए प्रभावी योजना बनाने की जरूरत है। बैठक में मध्य प्रदेश गौ–पालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगर–मालवा जिले के सालरिया गौ–अभयारण्य को देश के आदर्श के रूप में विकसित कर अखिल भारतीय स्तर पर सबसे अच्छा गौ–अभयारण्य बनाया जाए। अभयारण्य को विकसित करने के लिए राज्य के योग्य सामाजिक संगठन को जिम्मेदारी दी जाए। गौ–शालाओं के विकास की जिम्मेदारी स्वयंसेवी संगठनों को दी जाए।



## दिनदहाड़े घर में महिलाओं को बंधक बनाकर डकैती



**इंदौर।** भोलाराम उस्ताद मार्ग पर गुरुवार दोपहर छह सशस्त्र बदमाश ज्योतिषि पं.जयप्रकाश वैष्णव के घर में डकैती कर फरार हो गए। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाके में दिनदहाड़े हुई डकैती की वारदात से हड़कंप मच गया। कट्टे–पिस्टल और चाकू लेकर आए डकैतों ने ज्योतिषि की पत्नी, दो बेटियों, दो नौकरानियों और एक छात्रा को बंधक बना लिया और घर में रखे डेढ़ लाख रुपये नकदी लूट लिए। डकैतों को खबर मिली थी कि ज्योतिषि के घर में 9 करोड़ रुपये रखे। नोट भरकर ले जाने के लिए वह बैग और झोले लेकर आए थे। वारदात भंवरकुआं थाना से महज 100 मीटर दूर दोपहर ठीक 12.36 बजे हुई है।

## तीन सगी बहनों ने ट्रेन से कटकर दी जान



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी-सुल्तानपुर रेल प्रखंड पर फत्तूपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास मां की डांट के बाद तीन सगी बहनों ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, महाराजगंज थाना क्षेत्र के अहिरौली गांव निवासी राजेंद्र गौतम की पांच बेटी रेनू, ज्योति, प्रीति(16) आरती(14) काजल(11) और एक बेटा गणेश(18) है। राजेंद्र गौतम की 9 साल पहले मौत हो गई थी। इनकी पत्नी आशा देवी दोनों आंख से अंधी है। परिवार पूरी तरह से गरीबी से लड़ रहा है। विधवा पेंशन के नाम पर मां को 500 प्रति महीने मिलते हैं, जबकि बेटा गणेश दिहाड़ी पर गांव में ही मजदूरी करता था। जबकि बेटियां आसपास कटाई, मड़ाई करती थीं। परिवार का खर्च किसी तरह चलता था। इसी साल मई में रेनू की शादी हुई थी। गणेश के अनुसार प्रीति, आरती और काजल गुरुवार की शाम लकड़ियां बीनने के लिए गई थीं, जो शाम को करीब 5 बजे घर आई तो मां ने किसी बात को लेकर उन्हें फटकार लगा दी। जिसे लेकर तीनों मां से विवाद करने के बाद घर से अपनी बुआ के घर सिंगरामऊ के लिए चल दीं।इधर रात 8 बजे भाई मजदूरी करके घर आया तो उसे घटना की जानकारी हुई, जो खोजबीन कर रहा था।

## कैक्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग पर मोदी सरकार का प्लान



**नई दिल्ली।** एक हालिया जारी रिपोर्ट में क्रिप्टोकरेंसी के भारत में भविष्य को लेकर केंद्र सरकार की तैयारियों का खुलासा किया गया है। इसमें कहा गया है कि सरकार लोगों को क्रिप्टोकरेंसी खरीदने और उन्हें होल्ड करने से रोकने के लिए कड़े नियम बनाने पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि केंद्र सरकार इस शीतकालीन सत्र में क्रिप्टो को लेकर बिल पेश कर सकती है। सरकारी मंजूरी के बिना ट्रेडिंग पर लगेगा जुर्माना रिपोर्ट में यह दावा सरकार से जुड़े दो सूत्रों के हवाले से किया गया है। सूत्रों ने कहा है कि इन क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल मुद्राओं को भारत में पूरी तरह बैन करने की कोई योजना नहीं है।

## महिला ने पायल गिरवी रखकर पुलिस को दी रिश्वत, टीआई अटैच, एएसआइ सस्पेंड



**शहडोल।** जयसिंहनगर थाना में एक महिला ने पुलिस को अपनी पायल गिरवी रखकर रिश्वत दी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अवधेश गोस्वामी ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए जयसिंहनगर थाना प्रभारी नरबद सिंह धुर्वे को लाइन अटैच कर दिया है और एएसआइ गुलाब सिंह को निलंबित किया है। जयसिंहनगर थाना अंतर्गत करकी गांव में रहने वाली मीरा बाई कोल ने अगस्त 2021 में गांव के ही एक यादव के ऊपर मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रकरण दर्ज करवाया। जब उसने मारपीट की शिकायत की तो उसने पुलिस को अपना नाम मीरा बाई बैगा बताया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एसटीएससी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। जांच के दौरान जब जयसिंहनगर पुलिस ने फरियादी महिला मीरा बाई से उसका जाति प्रमाण पत्र मांगा तो उसने कोल जाति का प्रमाण पत्र दिया। पुलिस ने इसमें आपत्ति जाहिर की और कहा कि जब तुमने बैगा लिखवाया है तो बैगा जाति का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद महिला ने पुलिस के माध्यम से एसडीएम कोर्ट में बैगा जाति का प्रमाण बनवाने का आवेदन दिया था।




# 580 साल बाद सदी का सबसे बड़ा चंद्र ग्रहण शुरू



**उज्जैन।** आज उपच्छाया चंद्र ग्रहण की शुरुआत सुबह 11 बजकर 34 मिनट से हो जाएगी, वहीं इसकी समाप्ति शाम 5.33 बजे होगी। उपच्छाया चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 5 घंटे 59 मिनट की है। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण आज लगने वाला है। यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों में दिखाई देगा। इस चंद्र ग्रहण की सबसे खास बात ये है कि ऐसा 580 साल बाद होगा, जब इतना लंबा आंशिक चंद्रग्रहण देखने को मिलेगा। इतना लंबा चंद्र ग्रहण 18 फरवरी 1440 को लगा था, उसके बाद से अभी तक इतना लंबा चंद्र ग्रहण नहीं लगा है। अरुणाचल प्रदेश और असम के कुछ हिस्सों में देखा जा सकता है। इसके अलावा यह उत्तर और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में देखा जा सकता है। शुक्रवार 19 नवंबर को लगने जा रहा है। यह भारतीय समय के अनुसार सुबह 11.34 बजे शुरू होगा और शाम 5.33 बजे समाप्त होगा। खंडग्रास ग्रहण की कुल अवधि 03 घंटे 26 मिनट की होगी। उपच्छाया चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 05 घंटे 59 मिनट होगी। कार्तिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन चंद्र ग्रहण वृष और कृतिका नक्षत्र में लग रहा है, इसलिए यह चंद्रग्रहण तुला, कुंभ और मीन राशि के जातकों के लिए शुभ रहेगा। वहीं वृष, सिंह, वृश्चिक और मेष राशि के लोगों की दिक्कत बढ़ सकती है। भारत में आंशिक चंद्रग्रहण है इसलिए ग्रहण के दौरान सूतक नहीं लगेगा क्योंकि यह आंशिक यानी उपछाया ग्रहण है, तो सूतक काल नहीं होगा। चंद्र ग्रहण के दौरान कुछ खास मंत्रों का जाप जरूर करना चाहिए। भगवान विष्णु के मंत्र ओम नमो भगवते वासुदेवाय, भगवान शिव के मंत्र ओम नमः शिवाय और भगवान गणेश के मंत्र श्री गणेशाय नमः मंत्र का जाप जरूर करना चाहिए।

## भारत के पास सीरीज जीतने का मौका




**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी–20 सीरीज का शानदार आगाज किया। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने पहले मैच में मेहमान टीम को पांच विकेट से शिकस्त दी। भारत के पास अब तीन मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त है और वह इसे जीत में तब्दील करना चाहेगी। हालांकि यह इतना आसान नहीं होगा क्योंकि कीवी टीम जोरदार वापसी करने के लिए मशहूर है। ऐसे में दूसरे मैच में कांटे की टक्कर होने की पूरी उम्मीद है। आइए जानते हैं मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकॉस्ट की सारी जानकारी। भारत–न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टी–20 मुकाबला आज 19 नवंबर को खेला जाएगा। यह मुकाबला रांची के जेएससीए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच के लिए टॉस भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे होगा और पहली गेंद 7.00 बजे डाली जाएगी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा में आस्था की डुबकी



# शाम को दीपदान



**जबलपुर,यशभारत ।** आज कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर ग्वारीघाट समेत मा नर्मदा के सभी तटों पर सुबह से हजारों श्रृद्धालुओं ने नर्मदा में डुबकी लगाई। पवित्र नदी के घाटों पर सुबह से ही कड़कड़ाती ठंड के बाद भी हजारों की तादाद में श्रृद्धालु स्नान करने पहुंच रहे हैं. यह सिलसिला दिनभर बदस्तूर जारी रहेगा. वहीं, शाम को नदी में दीपदान किया जाएगा । ग्वारीघाट ,तिलवारा और भेड़ाघाट पर आज हजारों लोग पहुंचकर स्नान कर रहे हैं. घाटों पर एक किलोमीटर दूर से ही चौपहियों को रोक दिया गया है, क्योंकि इससे जाम के हालात बन जाते हैं. बताया गया कि यहां सुबह पांच बजे से ही श्रृद्धालुओं ने पूजा-पाठ का सिलसिला शुरु कर दिया था और नर्मदा के घाटों पर भीड़ लगनी शुरू हो गयी थी. दरअसल, कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन पुण्यदायिनी नदियों में स्नान करने का बड़ा महत्व है. हिंदू मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा को त्रिपुर पूर्णिमा भी कहा जाता है. इस दिन नर्मदा में स्नान के बाद दान करने से भगवान विष्णु और शिव की कृपा होती है. इसलिए हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले लोग नर्मदा स्नान करते हैं. इसके साथ ही श्रृदालु मां नर्मदा की पंचकोषी यात्रा भी करते हैं. नर्मदा में पांच कोस तक की यात्रा की जाती है और हजारों की संख्या में दीपदान यानि दीये जलाकर नर्मदा में छोड़ दिए जाते हैं. ऐसा माना जाता है कि ऐसा करने से पुण्य मिलता है। इस धार्मिक आयोजन के लिए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां की थीं। उमाघाट, दारोगाघाट सहित अन्य घाटों पर तिल रखने की भी जगह नहीं थी। लोगों ने आस्था की डुबकी के साथ कोरोना गाइडलाइन को भी नर्मदा में जलांजलि दे दी। ऊपर से लापरवाही की हद ये कि अधिकतर लोगों ने मास्क भी नहीं पहना था। जिले में संक्रमण काबू में हैं लेकिन सतर्कता जरूरी है।

### ब्रह्ममुहूर्त से ही नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा का शंखनाद

जिला प्रशासन ने किए चाक-चौबंद इंतजाम, देखते ही बन रही आश्रम की छटा, तैयारियां पूरी, अब भोर की बेला का इंतजार ।

## नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा में कुंभ सा नजारा

# हर-हर नर्मदे का जयघोष करते निकला संत-महात्माओं , श्रद्धालुओं का जत्था






**जबलपुर। कार्तिक मास की पूर्णिमा पर आज प्रात: ब्रह्ममुहूर्त पर हरेकृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में विधि-विधान से भगवान श्री राधा कृष्ण और श्रीहनुमानजी महाराज का पूजन-अर्चन कर पुण्य सलिला मां नर्मदा की पंचकोषी परिक्रमा का जयघोष किया गया। चहुं ओर कुंभ सा नजारा दिख रहा था। सुबह पुण्य सलिला मां नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा का भव्य शुभारंभ भगवत नाम संकीर्तन करते हुए श्रद्धालुओं ने संत महात्माओं की अगुवाई में किया। भगवत नाम संकीर्तन कर चल रहे संत महात्माओं के साथ श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे मां नर्मदा के जयकारे, हर-हर महादेव हर-हर नर्मदे के जयघोष से समूचा वातावरण धर्ममय हो गया।**

हरेकृष्णा आश्रम में अल सुबह भगवान श्रीराधाकृष्ण और श्रीहनुमानजी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया इसके उपरांत हर-हर नर्मदे के जयघोष के साथ निकली पंचकोषी परिक्र मा में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हरेकृष्णा आश्रम से शुरु होकर बैनगंगा पुल, पंचवटी, चौसठ योगिनी, धुआंधार, गोपालपुर, विराट हॉस्पिस, कल्याणिका तपोवन, लम्हेटाघाट से नाव द्वारा मां नर्मदाजी को पार किया गया। इसके बाद डूडवारा होते हुए इमलिया, न्यू भेड़ाघाट से सरस्वतीघाट से नाव पर से नर्मदाजी पार कर वापस आया गया। परिक्रमा में मां कामाख्या मंदिर गोहाटी आसाम से आए प्रधान पुजारी पंडित हिमाद्री शर्मा, अमर बलिदानी तात्या टोपे के वंशज सुभाष टोपे, किन्नर संत हिमांगी सखी दीदी और दंडवत बाबा सहित जबलपुर से महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरि, नरसिंहपीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदासजी, दंडी स्वामी कालिकानंदजी सरस्वती, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वामी पगलानंदजी, डॉ. राधे चैतन्य महाराज, स्वामी मुकुंददासजी, स्वामी चंद्रशेखरानंदजी, आचार्य इंद्रभानजी महाराज, महेश्वरानंदगिरि, हरिओम महाराज, धरमदासजी, ओंकारानंदजी, योगेंद्र त्रिपाठी, प्रकाशानंदजी, भूपेंद्र शर्मा आदि भी शामिल हुए। चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल और श्री सीताराम संकीर्तन मंडल नुनसर द्वारा विशेष रुप से भक्ति संगीत की संकीर्तनमयी प्रस्तुतियां दी गई। आश्रम संस्थापक स्वामी रामचंद्रदासजी महाराज के सानिध्य में सभी रस्म पूरी की गईं।परिक्रमा के दौरान श्री सेलम से आई सवा लाख बातियों से मातारानी की महाआरती की गई।

### नि:संतान माताओं-बहनों की गोद भराई की रस्म

किन्नर संत मंगलामुखी समाज की बबली तिवारी दीदी, काजल दीदी,कशिश चौहान दीदी के सानिध्य में हीराबाई दीदी और कैट शर्मा दीदी द्वारा निस्संतान माताओं-बहनों की गोद भराई की रस्म भी पूरी की गई। जिससे उनके घर में शीघ्र ही बाल-गोपाल खेलेंगे। इस अवसर पर किन्नर संत मंगलामुखी समाज की पूज्य बबली तिवारी दीदी, पूज्य काजल दीदी, पूज्य कशिश चौहान दीदी द्वारा भी आशीर्वाद प्रदान किया गया।

### गोमती चक्र और मोर पंखों का भी नि:शुल्क वितरण

श्रीबद्रीनाथधाम से आए पूजित गोमती चक्र और मोर पंखों का भी निन्शुल्क वितरण किया गया। भारतीय पौराणिक और सनातनी मान्यता के अनुसार गोमती चक्र स्वयं भगवान श्रीहरि विष्णुजी द्वारा धारित श्री सुदर्शन चक्र का ही एक स्वरुप है और मोर पंख जिन्हे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अपने मस्तक पर धारण किया है। इनके घर पर होने से श्री, विद्या, सुख-समृद्वि आदि में बढ़ोत्तरी होती है। परिक्रमा के समापन पर हरेकृष्णा आश्रम में इस अवसर पर विशाल भंडारा प्रसाद वितरण किया गया।

### संकीर्तनमयी प्रस्तुतियां

परिक्रमा में चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल और श्री सीताराम संकीर्तन मंडल नुनसर द्वारा विशेष रुप से भक्ति संगीत की संकीर्तनमयी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा दुलदुल घोड़ी ने भी लोगों का मनोरंजन किया।

## कोरोना योद्धाओं को दिए जाए सुरक्षा संसाधन व मानदेय

# बिना बैनर पोस्टर कैसे हो महा अभियान?

जबलपुर ।म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मांग की है कि कोरोना योद्धाओं को सुरक्षा संसाधन व मानदेय दिए जाएं। संघ ने बताया कि जबलपुर जिले में कोविड टीकाकरण महाअभियान बिना बैनर ,पोस्टर व सुरक्षा संसाधन के कराया जा रहा है।ग्रामीण क्षेत्रो मे तो बैठने तक कि उचित व्यवस्था नही है जिससे




कोरोनावायरस संक्रमण का भय कोरोना योद्धाओं व उनके परिवार पर बना हुआ है ।कोरोना योद्धाओं को हेपेटाइटिस बी का टीका भी नहीं लगाया जा रहा जबकि शासन ने कई माह पूर्व समस्त कर्मचारियों के टीकाकरण कराए जाने का आदेश प्रसारित कर दिए है यह समीक्षा का विषय है। ग्रामीण टीकाकरण सत्र स्थल में मास्क, सैनिटाइजर, ग्लोब्ज, व मरीजों हेतु पेरासिटामोल की दवाइयां भी नहीं दी जा रही हैं। एएनएम व एमपीडब्लू को कोविड टीकाकरण हेतु सी एच ओ जैसा अतिरिक्त मानदेय भी दिया जावे साथ ही लाखों लोगों को कोविड टीकाकरण करने पश्चात भी कोरोना योद्धाओ से घर-घर सर्वे कार्य कराया जा रहा है इसका अतिरिक्त मानदेय भी कोरोना योद्धाओं को दिया जाना चाहिए । ग्रामीण क्षेत्रों में सत्र स्थल पर भोजन की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है ना ही अतिरिक्त मानदेय दिया जा रहा है जिससे कोरोना योद्धाओं के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और सुरक्षा संसाधनों की कमी के चलते लगातार कोरोनावायरस संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है भविष्य मे किसी प्रकार कि अनहोनी पर शासन पूर्ण रूप से जिम्मेवार होगा। संघ के योगेंद्र दुबे अर्वेन्द्र राजपूत अवधेश तिवारी अटल उपाध्याय मिर्जा मंसूर बेग आलोक अग्निहोत्री, मुकेश सिंह दुर्गेश पांडेय बृजेश मिश्रा परशुराम तिवारी मनोज सिंह वीरेंद्र चंदेल एसपी बाथरे तुषरेन्द सिंह नीरज कौरव राजेश चतुर्वेदी ,रामकृष्ण तिवारी मनोज सिंह शेर सिंह,राकेश वर्मा ,श्याम नारायण तिवारी, नितिन शर्मा,विजय महार वीरेंद्र चौधरी उमेश मुद्गल वीरेंद्र पटेल राकेश पटेल अमित गौतम, ने कलेक्टर जबलपुर से कोरोना योद्धाओं को सुरक्षा संसाधन व बैनर पोस्टर उपलब्ध कराने की मांग की है ।

# एसपी से मिली क्रिकेट किट पाकर खिलाड़ियों के खिल उठे चेहरे

**जबलपुर।** खेलों को प्रोत्साहित करने हेतु पुलिस अधीक्षक जबलपुर सिद्धार्थ बहुगुणा ने दिव्यांग खिलाड़ियों को जहां क्रिकेट किट की सौगात दी, वहीं सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप 2021 में गोल्ड मैडल जीतने पर जबलपुर पुलिस परिवार की बेटी सुश्री शमा खान को पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, व स्मृति चिन्ह प्रदान कर की हौसला अफजाई की। क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होने जबलपुर से इंदौर जा रही मूक-बधिर बच्चों की टीम को एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने क्रिकेट किट देते हुए जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। एसपी ने किक्रेट खिलाड़ियों से खेल के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की। टीम केकप्तान ने अपना परिचय देने के बाद सभी उपस्थित खिलाड़ियों के खेल के संबंध में पुलिस अधीक्षक को बताया, जैसे बॉलर,बेस्ट बेस्टमेन



### स्टार हाकी खिलाड़ी शमा खान को किया पुरस्कृत

और ऑलराउण्डर एवं विकेट कीपर। टीम के कोच ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को क्रिकेट मैच में महारत हासिल है। एसपी सहित मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया। वहीं पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सिद्धार्थ बहुगुणा (भापुसे) द्वारा जबलपुर पुलिस परिवार की बेटी सुश्री शमा बानो पिता प्रधान आरक्षक शौकत अली द्वारा मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर झॉसी (उत्तर प्रदेश) में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय हॉकी चैम्पियनशिप 2021 में गोल्ड मैडल जीतने पर पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, व स्मृति चिन्ह प्रदान कर हौसला अफजाई करते हुये सम्मानित किया गया एवं भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनायें दी। श्री बहुगुणा ने कहा कि खेलों को प्रोत्साहित करने के लिये जबलपुर पुलिस सदैव तत्पर है ।उल्लेखनीय है कि सुश्री शमा बानो उम्र 21 वर्ष जी.एस. कालेज में बीकॉम सैकेन्ड ईयर की पढाई कर रही हैं, पिता शौकत अली जबलपुर पुलिस में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ है, दादा श्री इसरार अली भी जबलपुर पुलिस मे थे जो सहायक उप निरीक्षक के पद से रिटायर्ड होकर साथ में ही रहते हैं, पिता एवं दादा दोनों ही हॉकी के अच्छे खिलाड़ी रह चुके हैं। सुश्री शमा बानों ने 8 वर्ष की उम्र से पुलिस लाईन स्थित हॉकी ग्राउंड में हॉकी खेलना प्रारम्भ करते हुये हाकी की बारीकियॉ अपने पिता एवं दादा से सीखी है।



## रेलवे स्टेडियम में भारतीय रेल महिला फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर

**जबलपुर।** रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के तत्वावधान में रेलवे स्टेडियम पर भारतीय रेलवे महिला फुटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न रेलवे की लगभग 35 खिलाड़ी/कोच/मैनेजर ने भाग लिया। इन खिलाड़ियों के सिलेक्शन ट्रायल के पश्चात् 20 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो इसी महीने नवम्बर 2021 में कोझीकोड में आयोजित सीनियर नेशनल महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की ओर से भाग लेंगे। इस अवसर पर भारतीय रेलवे महिला फुटबॉल टीम को श्री सुधीर कुमार गुप्ता/ळडर्ध्व्, श्री शोभन चौधुरी/। , डॉ राकेश कुमार गुप्ता/अध्यक्ष/ब्ैि। - च्ब्म्, डॉ आशुतोष गर्ग/महासचिव/ब्ैि। - ।ब्डक्ए श्री जी.एस. चावला/कोषाध्यक्ष/ब्ैि। - ॠ।-ब्।व्ए श्री अभिराम खरे/मंडल खेलकूद अधिकारी, सुश्री मधु यादव/वरि. खेलकूद अधिकारी एवं रेलवे के अधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनायें दी।भारतीय रेलवे महिला फुटबॉल टीम में चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- स्वर्णमई सामल, रश्मि कुमारी, बिष्णु प्रिया महानता, शिल्पी, नंदिनी मुंडा, रवीना यादव, सुप्रवा सामल, सुप्रिया रोत्रे, सुष्मिता स्वेन, मनप्रीत कौर, के.एन.देवी, लोचना मुंडा, संगीता दास, ममता, एल.एन. चानू, तारा खातून, दीपार्निता डे, लहरी मंगराज, मोंटेसरी चानू, मधुस्मिता बैरिक। कोच- कमल कांता सिंह, अर्चिस्मान विश्वास, जाकिर हुसैन, मैनेजर- श्रीमती अंशा, प्रशिक्षण शिविर के दौरान ऑफिशियल- विक्रम जनसारी, रूपेश सिंह।





## रा दु वि वि केन्द्रीय ग्रंथालय का वोकेशनल कोर्स

# एम एल टी/बी सी टी के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के केंद्रीय ग्रन्थालय का भ्रमण स्किल डेवलपमेंट व वोकेशनल स्टडीज इंस्टीट्यूट के छात्र/छात्रोंओ द्वारा किया गया। वोकेशनल मेडिकल लैबोरेटरी टेक्नोलॉजी/बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी के सभी छात्र/छात्रों का समूह विभाग के शिक्षकों डॉ अजय मिश्र, डॉ मीनल दुबे, इं महाबीर त्रिपाठी आदि के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय ग्रंथालय का भ्रमण किया। केंद्रीय ग्रंथालय के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, पाठ्य पुस्तकों, सन्दर्भ ग्रंथ व पत्र पत्रिकाओं की व्यवस्थापन एवम अन्य तकनीकी कार्यों से छात्रों को अवगत कराया गया। पुस्तकालय विज्ञान विभाग से डॉ सत्य प्रकाश त्रिपाठी व श्रीमती लीना हल्दकार ने छात्र/छात्राओं को पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों, पुस्तकालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं तथा विभिन्न तकनीकी पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ तकनीकी सहायक डॉ मनीष जैन ने पुस्तकालय के नियमों की जानकारी दी।

केंद्रीय ग्रंथालय सलाहकार समिति की चल रही बैठक में प्रभारी आचार्य प्रो कमलेश मिश्र द्वारा छात्रों को पुस्तकालय सेवाओं से अवगत कराने व पठन पाठन में अभिरुचि पैदा करने के लिए पुस्तकालय भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किये जाने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए विभिन्न विभागों के नव प्रवेशित छात्रों को पुस्तकालय भ्रमण करवाये जाने व उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किये जाने की अनुशंसा की गई। सलाहकार समिति के सदस्यों प्रो राकेश बाजपेयी, प्रो राम शंकर, प्रो एस एन बागची, प्रो सुनील पाहवा, डॉ राजेश्वरी राणा, विशेष आमंत्रित सदस्य प्रो सुरेंद्र सिंह व डॉ ए के गुप्ता ने भ्रमण हेतु आये हुए कौशल विकाश संस्थान के डॉ अजय मिश्रा जी के इस पहल का स्वागत किया व छात्र/छात्रोंओ का उत्साहवर्धन व कार्यक्रम में सहभागी अध्यापको एवम कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता बताई। उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रंथालय के कर्मचारियों सम्राट बोस,सुनील चौधरी,डॉ दीपेंद्र सिंह, श्रीमती कमलेश्वरी,छोटे लाल कुशवाहा, श्रीमती संतोष यादव आदि ने सहयोग किया।

# 2 री डोज लेने के बाद ही विवाह एवं अन्य समारोहों में शामिल करें लोगों को: निगमायुक्त

जबलपुर। निगम कमिश्नर संदीप जीआर ने शहर में संचालित विवाह समारोह सहित अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजकों को भी वैक्सीन की दोनों डोज लगाना अनिवार्य किया है। ऐसा नहीं मिलने पर होटल, बारातघर, मॉल, पंडाल, मंडप, आदि संस्थाओं के संचालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी। इन कार्यक्रमों में शामिल होने वालों की आकस्मिक जांच की जाएगी। कोई आगंतुक बिना दोनों डोज के मिला तो आयोजक और संचालक पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए शहर में होने वाले शादी विवाह सम्मेलनों एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आकस्मिक रूप से पहुंचकर उपस्थित लोगों की जांच करने और उनके द्वारा कोरोना वैक्सीन की पहली एवं दूसरी डोज ली गई है अथवा नहीं इसकी जानकारी जुटाने के निर्देश जारी किए हैं। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि शहर में शादी विवाह एवं मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं ऐसे में होटलों, बारातघरो, मॉल एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे उन्हें ही कार्यक्रम स्थलों पर प्रवेश दें जो कोरोना वैक्सीन की पहली एवं दूसरी डोज ले चुके हैं। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने बताया कि शहर में होने वाले शादी विवाह एवं मांगलिक कार्यक्रमों में नगर निगम की टीमें आकस्मिक रूप से कभी भी पहुंचेंगी एवं उपस्थित लोगों की जांच करते हुए उनके द्वारा वैक्सीन की पहली एवं दूसरी डोज लेने संबंधी जानकारी ली जाएगी। इस दौरान यदि बिना वैक्सीन के लगवाए लोगों की उपस्थिति पाई जाती है तो आयोजकों के साथ-साथ होटल मालिकों बारात घर संचालकों एवं मॉल के संचालकों के विरुद्ध भी नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि कोरोना को रोकने के लिए वैक्सीन ही कारगर हथियार है ऐसे में भारत सरकार एवं प्रदेश शासन द्वारा बेहद गंभीरता के साथ वैक्सीनेशन का मुफ्त अभियान चलाया जा रहा है जिन्होंने वैक्सीन के दोनों डोज नहीं लिए हैं वे जल्द से जल्द वैक्सीन की दोनों डोज लेते हुए अपने जीवन को सुरक्षित रखें एवं शादी विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में पूरी स्वतंत्रता के साथ कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए सम्मिलित हों।

### दोनों डोज लगवाना अनिवार्य

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर जबलपुर जिले में पदस्थ सभी शासकीय सेवकों एवं कार्यालय प्रमुखों, स्कूल-कॉलेज एवं हॉस्टल में पदस्थ शिक्षकों और 18 वर्ष अधिक आयु के विद्यार्थियों को कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना अनिवार्य कर दिया है ।कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के मद्देनजर जारी इस आदेश में मार्केट प्लेस, मॉल एवं मेलों में दुकान लगाने वाले दुकानदारों तथा मल्टीप्लेक्स, सिनेमाहाल एवं थियेटर में कार्यरत स्टाफ के लिये भी कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज को जरूरी किया गया है ।आदेश में शासकीय सेवकों को वैक्सीन की दोनों डोज लगवाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सबंधित कार्यालय प्रमुख को दी गई है ।इसी तरह स्कूल-कॉलेज के शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक स्टॉफ एवं 18 वर्ष से अधिक आयु के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण वैक्सीनेशन का दायित्व शैक्षणिक संस्था के संचालक और प्राचार्य को दिया गया है ।

## गुरुनानक स्थली गुरुद्वारा मढ़ाताल में आयोजन

# गुरुनानकदेव के प्रकाशोत्सव पर सजा दरबार





**जबलपुर।** विश्व में इंसानी भाईचारा मानवता और विश्व शांति का इलाही पैगाम देने वाले सिख धर्म के प्रवर्तक गुरुनानदेव का पवित्र 552वां प्रकाशोत्सव शुक्रवार को गुरुनानकदेव की चरण रज से पावन गुरुनानकस्थली गुरुद्वारा मढ़ाताल में धूमधाम से मनाया जा रहा।

सुबह 10 बजे से गुरु का लंगर शुरू हुआ जो शाम 4 बजे तक वितरित किया जाएगा। यहां कीर्तन दरबार में मशहूर रागी जत्थे प्रचारक ज्ञानी

### गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं कथाप्रवाह

गुरुमीत सिंह अमेरिका, रागी जत्था भाई दलजीत सिंह पोंटासाहिब वाले, अखंड कीर्तनी जत्था ज्ञानी इकबाल सिंह, ज्ञानी नरिंदर सिंह, ज्ञनी राहुल सिंह आदि गुरुवाणी शबद कीर्तन एवं कथाप्रवाह चला रहे हैं। प्रधान सरदार प्रताप सिंह बिरदी व महामंत्री गुरदेव सिंह रील बंटू एवं गुरुपर्व समिति ने साध संगत से उपस्थिति की अपील की है। इसके पूर्व सुबह पंजप्यारे की अगुवाई में पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को पालकी में रख कर फूलों से सजे ट्रक में पंजप्यारों की अगुवाई में विभिन्न मार्गों से होते हुए मढ़ाताल पहुंची। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजुद रहे। जहां सजे दरबार में सुबह से श्रद्धालु माथा टेकने पहुंच रहे थे। प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारों को आकर्षक विद्युत छटा से रोशन किया गया है। आज रात घरों में दीपमाला होगी। शुक्रवार की सुबह नगर कीर्तन प्रभातफेरी गुरुद्वरा गोरखपुर से निकाली गई जो गोरखपुर, छोटी लाइन फाटक, शास्त्रीब्रिज होते हुए सुबह 9 बजे गुरुद्वारा मढ़ाताल में समाप्त हुई।







# जबलपुर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने सैनी

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में आरके सिंह सैनी ने मनीष कमार मिश्रा को 116 मतों से हराकर अध्यक्ष चुने गए। ढाई साल के कार्यकाल के लिए कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव अधिकारी राजेश उपाध्याय के मुताबिक जीत हासिल करने वाले आरके सिंह सैनी को जहां कुल 2131 मतों में 1051 वोट मिले। वहीं मनीष कुमार मिश्रा को 935 मत मिले। तीसरे स्थान पर रहे हरजीत अरोरा को महज 132 मतों से संतोष करना पड़ा।जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव अधिकारी राजेश उपाध्याय के मुताबिक उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों की मतगणना भी शुरू की जा रही है। जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष सहित कुल 81 प्रत्याशी मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए मतगणना गुरुवार 18 नवंबर को हुई। मतगणना के पहले राउंड से ही सैनी ने मनीष कुमार मिश्रा पर ब?ता बना ली थी, जो अंत तक जारी रहा। हालांकि उनके बीच का अंतर महज 116 मतों का रहा। सबसे निराश करने वाला परिणाम तीसरे प्रत्याशी हरजीत अरोरा के लिए था। पूर्व में अध्यक्ष पद संभाल चुके अरोरा को इस बार महज 132 मत मिले। जीत से उत्साहित आरके सिंह सैनी ने बताया कि मैं लंबे समय से अधिवक्ताओं के सुख-दुख में शामिल होता रहा है। उसी का ये नतीजा है। अधिवक्ताओं का पिछले ढाई साल में शोषण हुआ। विभिन्न अधिकारियों के कार्यालयों में अधिवक्ताओं का प्रवेश बंद किया गया है। वहां दलाली जैसी गंदगी फैली हुई है। उसे हटाने का काम करेंगे।हर महीने अधिवक्ताओं के लिए हेल्थ कैम्प, तो कमजोर अधिवक्ताओं के इलाज के लिए फंड जुटाएंगे। वहीं अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए कहा कि वे अधिवक्ताओं के लिए लाइब्रेरी ठीक कराएंगे। इसके अलावा हर महीने हेल्थ कैम्प लगवाएंगे। आर्थिक रूप से परेशान अधिवक्ताओं की मदद की व्यवस्था बनाएंगे। आर्थिक कारण से इलाज न करा पाने वाले अधिवक्ताओं के लिए भी फंड की व्यवस्था करेंगे।

**2131 मतों में 1051 वोट मिले, दूसरे स्थान पर रहे मनीष कुमार को 935, तो अरोरा को 132 मत मिले**

### मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद में उपाध्यक्ष भी हैं सैनी

आरके सिंह सैनी वर्तमान में मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष हैं। इससे पूर्व भी वह जिला अधिवक्ता संघ की कमान संभाल चुके है। उनका जुड़ाव कांग्रेस से माना जाता है। उनके भाई सम्मति सैनी पनागर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर 2018 का चुनाव भी लड़ चुके हैं। सैनी को कड़ी टक्कर देने वाले मनीष कुमार मिश्रा पहली बार मैदान में थे। इससे पूर्व वे पिछले कार्यकाल में संघ के सचिव पद रह चुके हैं।



# शिक्षक को तत्काल बर्खास्त किया जाये अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा

**जबलपुर।** म0प्र0स्टूडेन्ट यूनियन के द्वारा शासकीय कला निकेतन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में ज्ञापन प्रदर्शन एवं कॉलेज प्रशासन के विरूद्र जमकर नारेबाजी की गई। आकोशित छात्राओं ने कॉलेज प्राचार्य से आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग रखी। साथ ही कालेज प्रांगण में शीघ्र ही केन्टीन, खोली जाये एवं कॉलेज में अध्ययनरत बड़ी संख्या में अप्रवासी छात्रों को मद्देनजर रखते हुये करोड़ो की लागत से बना छात्रावास जो कि आज जर्जर हालत में हैं एवं कई सालों से बंद पड़े छात्रावास की जल्द ही मरम्मत कराकर छात्रों के लिये खोला जाये। छात्रों ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर आरोपी शिक्षक अजय सोनकेशरिया को बर्खास्त नहीं किया गया तो एक सप्ताह के अन्दर कॉलेज प्रांगण में अपराधी शिक्षक का पुतला दहन किया जायेगा। ज्ञापन एम पी स्टूडेन्ट यूनियन के अध्यक्ष अभिषेक पाण्डे एवं जिला उपाध्यक्ष आकाश खरे के नेतृत्व में सौंपा गया। इस दौरान छात्र नेता ईशु सिंह, जतिन कनोजिया, शिवांशु अवस्थी, हर्ष लोधी, रितिक असाठी अनमोल दुबे, चिराग श्रीवास्तव, अभिराज सिंह, राज सिंह, महेन्द्र लोधी, नील ब्रम्हें, अनुराग लोधी, बादल शर्मा आदि छात्र उपस्थित थे।

# बेसमेंट एवं पार्किंग की जगहों पर दुकानों का क्रय-विक्रय न करें वरना होगी कार्यवाही

## निगमायुक्त संदीप जी.आर.ने की नागरिकों से अपील

**जबलपुर।** शहर के बड़े व्यवसायिक कॉम्प्लेक्सों, परिसरों एवं बाजारों के बेसमेंट एरिया में संचालित दुकानों के क्रय विक्रय पर नगर निगम प्रशासन ने पूरी तरह से रोक लगा दी है। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने सभी से आग्रह किया है कि वे बेसमेंट एवं पार्किंग क्षेत्रों में निर्मित दुकानों का क्रय विक्रय न करें यह पूरी तरह नियमों का उल्लंघन है। निगमायुक्त ने कहा है कि बेसमेंट एवं पार्किंग क्षेत्रों में दुकानों का क्रय विक्रय करना पाया जाता है या फिर ऐसी जगहों पर दुकानों का संचालन किया जाता है तो नगर निगम प्रशासन द्वारा तोड़ने सहित अन्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि इसके लिए पृथक से टीमों का गठन किया गया है जिनके द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में आकस्मिक रूप से पहुंचकर जांच की जाएगी और बेसमेंट क्षेत्र में दुकानों का क्रय विक्रय करने वालों एवं व्यापार संचालित करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। निगमायुक्त जी.आर. ने बताया कि प्राय: देखने में आ रहा है कि शहर के प्रमुख बाजारों व्यवसायिक परिसरों एवं मुख्य मार्गो के किनारे बने बाजारों में बेसमेंट में भी दुकानें बनाकर उनका विक्रय किया जा रहा है एवं खरीदारों द्वारा ऐसी दुकानें खरीद कर अपना व्यापार संचालित किया जा रहा है जो शासन द्वारा जारी नियमों के विपरीत है। उन्होंने सम्मानीय शहरवासियों से अपील की है कि बेसमेंट एवं पार्किंग स्थलों पर निर्मित दुकानों का क्रय विक्रय न करें और न ही ऐसी जगहों पर अपना व्यापार स्थापित करें। इस संबंध में निगमायुक्त श्री जी.आर. ने यह भी बताया कि किसी व्यापारी के द्वारा तथ्य छुपाकर बेसमेंट में संचालित दुकानों के लिए यदि लायसेंस प्राप्त किया गया है तो उसकी भी बाजार विभाग के माध्यम से जाँच करवाई जायेगी और जारी लायसेंस को निरस्त करते हुए दुकान संचालकों के विरूद्ध तथ्य छुपाने के संबंध में वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए निगमायुक्त ने बाजार अधीक्षक दिनेश प्रताप सिंह को विशेष निर्देश जारी किये हैं।

### नर्मदा शुद्धि अभियान एवं गायत्री दीप यज्ञ

**जबलपुर।** कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर गायत्री परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष मां नर्मदा के तट पर विशाल दीप यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में 19 नवंबर की शाम 5 से 7 बजे तक 5100 दीपकों के द्वारा विशाल दीपक नर्मदा शुद्धि अभियान का आयोजन किया गया है। आचार्य श्रीराम शर्मा का कथन है कि नदियां हमारी संस्कृति संस्कार और अध्यात्म का प्रतीक होती हैं इसलिए इन्हें शुद्ध एवं साफ रखना हम सभी का कर्तव्य है। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट मंडल द्वारा सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### मटामर में भगवान परशुराम का होगा महाभिषेक

**जबलपुर।** नगर सीमा से सटी भगवान परशुराम की प्राचीन तपस्थली श्री परशुराम धाम मटामर में श्री परशुराम धाम विकास समिति द्वारा पर्वत शिखर पर महाभिषेक किया जा रहा है। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज 15 फुट लंबा फर्साधारी 31 फुट ऊंची विश्व की एक मात्र प्रतिमा का कार्तिक पूर्णिमा पर प्राकट्य दिवस महाआरती की जाएगी।

## खेत और पान के टपरों में जुआफड़ आबाद

# 12 को दबोचा, 18 हजार रुपए जब्त, 1 फड़बाज फरार

**जबलपुर यशभारत।** खेत और पान के टपरों में जुआफड़ आबाद हो रहे है। जिसके चलते थाना बरगी और तिलवारा पुलिस ने जुआं फड़ों पर दबिश देकर 12 जुआड़ियों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से करीब 18 हजार रुपए जब्त किए गए है। पुलिस की दबिश के बाद एक फड़बाज फरार हो गया। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि सियाराम पटैल निवासी ग्राम बहोरीपार का अपने खेत मे नाल काटकर जुआं खिलवा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी ब्रजेश उपाध्याय निवासीमदनमहल, संतोष डेहरिया निवासी बरगी, सुधीर बर्मन निवासी ग्राम बहोरीपार को दबोचकर, 10 हजार 190 रूपये जब्त किए गए।



वहीं कार्रवई के दौरान फड़बाज सियाराम पटैल निवासी बहोरीपार फरार हो गया। इसी प्रकार थाना तिलवारा को सूचना मिली कि शाहनाला नर्मदा रोड सौरभ पटैल के पान के टपरे के अंदर बैठकर जुआं चल रहा है। पुलिस ने दबिश देकर विजय साहू , सौरभ पटैल, राजेश यादव , राजा उर्फ राजू नायडू, राजू पटैल, जयकुमार मिश्रा, सद्दाम हुसैन हरीश कोरी सभी निवासी शाहनाला एंव मोनू चौबे निवासी तिलवारा घाट पर कार्रवाई कर, 8 हजार 590 रूपये जब्त कर किए गए।

### बादलों ने लगाया ठंड पर ब्रेक

**जबलपुर।** वर्तमान में बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से लगातार आ रही नमी के कारण मध्यप्रदेश में बादल छाए हुए हैं। बादलों के कारण तापमान बढ़ गया है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को बूंदाबांदी हो सकती है। उधर दो-तीन दिन बाद पश्चिमी विक्षोभ भी उत्तर भारत से आगे बढ़ जाएगा। इस वजह से हवा का रुख फिर उत्तरी होने से रात के तापमान में फिर गिरावट होने लगेगी। बादलों के कारण तापमान में उतार-चढ़ाव का सिलसिला बना हुआ है। इसी क्रम में गुरुवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिसे कम रहा। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस ,सामान्य से दो डिग्रीसे. अधिक रहा। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सक्रिय है। दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश से लेकर अरब सागर तक एक ट्रफ बना हुआ है। अरब सागर में भी एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी में भी एक अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। बंगाल की खाड़ी से अरब सागर तक भी एक ट्रफ बना हुआ है।

## 450 श्रमिक ई श्रम कार्ड के लिए हुए पंजीकृत

# श्रमिकों के लिए जबलपुर स्टेशन पर अमृत शिविर आयोजित

**जबलपुर यश भारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार की सुबह से ही बड़ी संख्या में ऑटो तथा रिक्शा चालक स्टेशन के सफाई कर्मचारी और खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडर्स से लेकर रेलवे कुलियों ने अपने काम के साथ ही अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए ई श्रम कार्ड बनवाने में रुचि दिखाई जिसके फलस्वरूप एक दिन में रिकॉर्ड 450 श्रमिकों का पंजीकरण एक ही स्थल पर हो गया। पंजीकरण के उपरांत सभी श्रमिक खुशी-खुशी अपने कार्य पर लौट गए। रोजगार मंत्रालय भारत सरकार तथा पश्चिम मध्य रेल जबलपुर द्वारा गुरुवार को एक दिवसीय शिविर का आयोजन असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण हेतु किया गया। इस शिविर में डीआरएम संजय विश्वास एडिशनल डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता तथा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव के साथ ही उप मुख्य श्रम आयुक्त श्री सुनील कुमार तथा क्षेत्रीय श्रम आयुक्त राकेश गौर ने उपस्थित होकर इस शिविर का शुभारंभ किया। 75 वें अमृत महोत्सव के तहत



पूरे देश में आयोजित हो रहे जनकल्याण के कार्यक्रमों के अंतर्गत इस शिविर का भी रेलवे एवम श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजन किया गया था। इस अवसर पर असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले 450 श्रमिको का पंजीकरण किया जाएगा। इस श्रेणी के तहत् स्टेशन पर दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करने वाले हैं सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और रुचि लिखते हुए उन्होंने इस कार्ड को बनवाया जिस में सर्वाधिक संख्या ऑटो रिक्शा चालकों सफाई कर्मचारियों स्टेशन के वंडर्स एवं कुलियों के साथ ही भवन निर्माण सूक्ष्म तथा लघु स्व रोजगार जैसे सब्जी और फल विक्रेता तथा प्लेमटफार्म पर कार्यरत ठेकेदार के श्रमिको ने यह कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाते की पासबुक तथा मोबाइल नं. प्रस्तुत करके बनवाया। उल्लेखनीय है कि उक्त पंजीकरण के बाद व्यक्ति को ई-श्रम कार्ड दिया जाएगा जो कि पूरे भारत में मान्य होगा। इसके साथ ही दुर्घटना से हुई मृत्यु अथवा स्थायी रूप से विकलांग होने पर दो लाख रूपये तथा आंशिक रूप से विकलांग होने पर एक लाख रूपये की अनुदान राशि प्राप्त होगी। इसके साथ ही सरकार की विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा लाभों का वितरण भी ई-श्रम कार्ड के द्वारा किया जाएगा। इसके द्वारा आपदा या महामारी जैसी कठिन परिस्थितियों में केंद्र व राज्य सरकार से मदद प्राप्त करने में भी आसानी होगी।

# रेलवे प्रशासन ने मांगे नहीं मानी तो होगा आर पार का संघर्ष

### रेलवे एंप्लाइज यूनियन की भूख हड़ताल पर आज 48 घंटे

**जबलपुर यश भारत।** रेलवे कोचिंग डिपो में वेस्ट सेंट्रल रेलवे एंप्लाइज यूनियन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर विगत 2 दिन से चली आ रही क्रमिक भूख हड़ताल के 48 घंटे पूर्ण हो जाने के बावजूद भी रेलवे प्रशासन द्वारा कोई निर्णय न लेने पर यूनियन के पदाधिकारियों में काफी रोष व्याप्त है यूनियन मंडल सचिव नवीन लिटोरिया व मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने बताया कि रेलवे बोर्ड का स्पष्ट आदेश है कि जिस ट्रेन में 5 या उससे अधिक एसी कोच हैं,




उसमें कम से कम 2 एसी कोच अटेंडेंट लगाया जाए, लेकिन जबलपुर मंडल रेल प्रशासन बोर्ड के आदेश की नाफरमानी करते हुए 8 से 10 एसी कोच की ट्रेनों में भी 1 अटेंडेंट की ड्यूटी लगा रहा है. यह सब वह इसलिए कर रहा, ताकि उसे स्टाफ को ओवर टाइम का भुगतान नहीं करना पड़े. लेकिन रेल प्रशासन के इस निर्णय से कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक बोझ बढ़ गया है और पिछले कुछ समय में 3 एसी कोच अटेंडेंट ड्यूटी के दौरान रन ओवर हो चुके हैं. यूनियन पदाधिकारियों ने रेल प्रशासन को चेतावनी दी कि एसी/टीएल स्टाफ रेल प्रशासन के निर्णय से त्रस्त हो चुके हैं. यूनियन इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी अब तो आरपार का संघर्ष होगा। यदि रेल प्रशासन शीघ्रताशीघ्र कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय नहीं लेता है तो इसके गंभीर परिणाम रेल प्रशासन को भुगतना होगा।

### आदेश वापस नहीं लिया तो होगा उग्र आंदोलन

यूनियन के मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने कहा कि पमरे मुख्यालय का यह आदेश हर हाल में वापस होना चाहिए नहीं तो रनिंग स्टाफ शीघ्र ही व्यापक आंदोलन करने पर विवश होगा। यूनियन के मंडल अध्यक्ष बीएन शुक्ला ने कहा कि पमरे मुख्यालय का यह आदेश हर हाल में वापस होना चाहिए नहीं तो रनिंग स्टाफ शीघ्र ही व्यापक आंदोलन करने पर विवश होगा। भूख हड़ताल मैं का. निरंजन कुमार, सुशांत नील, राम भजन गुप्ता, अजीत, तापस मोइत्रा, मंजू कुर्मी, अनिल तिवारी, एम रहमान, राजेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# आरडीयू में कर्मचारी करेंगे 22 से भूख हड़ताल

## एरियर्स नहीं मिलने पर लिया निर्णय, रादुविवि कामकाज होगा ठप्प

**जबलपुर, यशभारत।** रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने 22 नवंबर से भूख हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। कर्मचारी एरियर्स नहीं मिलने से नाराज है और इसको लेकर कुलपति से लेकर कुलसचिव तक को अनेक पत्र व्यवहार कर चुकें है परंतु ठोस निर्णय नहीं हो पाया। इससे नाराज होकर




आरडीयू कर्मचारी ने भूख हड़ताल पर जाने का ऐलान किया है। आरडीयू कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि समयमान वेतनमान देने में आरडीय प्रबंधन आनाकानी कर रहा है। इसको लेकर अनेक बार कुलपति और कुलसचिव को ज्ञापन दिया बाबजूद इस प्रकरण में सुनवाई नहीं की गई। कर्मचारियों ने दोनों अधिकारियों से मिलकर मौखिक रूप से भी अपनी समस्या से अवगत कराया परंतु दोनों अधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को अनसुना कर दिया। बार-बार ज्ञापन दिए जाने के बाद भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ इसलिए 22 नवंबर से आरडीयू के कर्मचारी भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

### 10 दिन की मोहलत आरडीयू को दी गई थी

उपाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कुलसचिव को ज्ञापन दिया गया था जिसमें 10 दिन के अंदर कर्मचारियों को समयमान वेतनमान देने को कहा गया था परंतु आरडीयू प्रबंधन इसे भी अनसुना कर दिया।

**पश्चिम मध्य रेल**

**इंजीनियरिंग निर्माण शाखा– खुली निविदा**

**ई निविदा क्रमांक– डिप्टीसीईसीजेबीपी–08–2021 दिनांक 15.11.2021**

**(एकल पैकेट सिस्टम)**

उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण)पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टीसीईसीजेबीपी–08–2021 दिनांक 10.12.2021 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदा बंद होने की तिथि 10.12.2021 समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल /संशोधित निविदा बंद होने की दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा हस्त निवदाओं को उपेक्षित कर दिया जायेगा। निविदायें पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा सूचना क्रमांक–** डिप्टीसीईसीजेबीपी–08–2021, दिनांक 15.11.2021, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** कटनी–बीना तृतीय लाईन परियोजना के अंतर्गत बड़े एवं छोटे पुलों के सामने पत्थरों के साथ पिचिंग का कार्य पुलों की एप्रोच पर अर्थवर्क का कार्य एवं कटनी मुरवारा खंड के बीच विविध कार्य। **निविदा का अनुमानित मूल्य–** रू. 24200069.78, **निविदा फार्म की (कीमत रूपयें)–** 0.00, **बयाना राशि (रूपये में)–**0.00, **कार्य समापन अवधि (माह)–** 08 माह मानसून सहित, **ई निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समय–** दिनांक 10.12.2021 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आरईपीएस के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाईन निविदा करे। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय–समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेण्डर फार्म के अनुसार इस निविदा के लिए लागू होगा। **उप मुख्य अभियंता (निर्माण) पमरे, जबलपुर**

कोरोना को भगाना है, मास्क व वैक्सीन लगाना है

**वैदिक ज्योतिष समाधान**

कुंडली निर्माण/फलादेश, कुंडली मिलान/गुण मिलान, नौकरी/व्यापार, बाधा, शैतान बाधा, विवाह बाधा/स्वास्थ्य समस्याएँ , कानूनी विवाद/पारिवारिक विवाद,पितृदोष/मंगलदोष/ऋणदोष आदि कुंडली दोषो आदि किसी भी तरह की जीवन से जुड़ी समस्याओं के वैदिक ज्योतिष समाधान के लिए संपर्क करें।

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समयः 9 AM से 10 PM

# 67 पुल-पुलिया व ब्रिज बन जाने से सुरक्षित होंगे बाघ व तेंदुए



**भोपाल ।** बरखेड़ा - बुधनी के बीच जंगल में 67 पुल - पुलिया और ब्रिज बनाए जा रहे हैं। इनका निर्माण तीसरी रेल लाइन के तहत किया जा रहा है। ये पुल, पुलिया व ब्रिज बाघ, तेंदुए व वन्यप्राणियों को सुरक्षित करने में मदद करेंगे। अभी इनकी कमी है जिसके कारण वन्यप्राणी ट्रैक पार करते समय ट्रैक के नीचे आ जाते हैं और कई बार जान गंवानी पड़ती है। बीते 10 वर्ष में 12 से अधिक बाघ, तेंदुए व दूसरे वन्यप्राणियों की मौतें हो चुकी हैं। बता दें कि इस रेल खंड में तीसरी



रेल लाइन परियोजना करीब 1000 करोड़ रुपये की है। जिसमें नई तकनीक एवं हैवी मशीनरी से 13 बड़े ब्रिज एवं 54 छोटे ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है।

### आरवीएनएल करवा रहा है काम

बरखेड़ा-बुधनी रेलखंड में तीसरी रेल लाइन बनाने का काम रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। यह काफी दुर्गम रेलखंड है जो पहाड़ व जंगलों से होकर गुजरता है। इस रेलमार्ग पर ट्रेनों का दबाव पूर्व से ही अधिक है। दो रेल लाइनें पूर्व से होकर गुजरती हैं जो कि काफी व्यस्ततम है। रेलवे खुद मानता है कि इस रेलखंड की उपयोगिता 117 फीसद से अधिक है। वर्तमान में इस खंड पर प्रतिदिन औसतन 34 मालगाड़ियों के साथ 80 से अधिक जोड़ी मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें चल रही है।

रेलवे की तरफ से बताया गया कि बरखेड़ा से बुधनी के बीच कुल 26.6 किमी के रेलखंड पर तीसरी लाइन का निर्माण किया गया है। इस घाट सेक्शन में 13 बड़े पुलों एवं 54 छोटे पुलों का निर्माण हो रहा है। इन ब्रिजों की लागत ही 720 करोड़ के करीब है। जुलाई 2022 में काम पूरा करने का लक्ष्य तय किया है।

### बाकी रेलखंडों में काम पूरा

रेलवे के रेल विकास निगम लिमिटेड ने बाकी के रेलखंडों में काम पूरा कर दिया है। तीसरी रेल लाइन भोपाल रेल मंडल के बीना से भोपाल और भोपाल से इटारसी के बीच बनाई गई हैं इसमें से भोपाल से इटारसी के बीच का बरखेड़ा-बुधनी रेलखंड ही ऐसा है जहां काम बचा है और युद्ध स्तर पर चल रहा है। बाकी के सभी रेलखंडों में काम पूर्ण हो चुका है।




# अपडेट नहीं भोपाल पुलिस की वेबसाइट

## तबादला होने के बाद भी कई अधिकारियों के नाम नहीं बदले

**भोपाल ।** राजधानी पुलिस अपने आप को हाइटेक बनाने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। डीआइजी भोपाल लगातार ट्विटर, फेसबुक पेज बनाकर भोपाल पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगे हुए हैं, लेकिन भोपाल पुलिस की वेबसाइट का हाल ऐसा है कि कई माह से वह अपडेट ही नहीं हुई है। पुराने अधिकारी जिनका तबादला हुए, एक माह हो चुका है और वह ही भोपाल पुलिस के अधिकारी ही नाम नजर आ रहे हैं। पुलिस के लोगों पर लगता है कि वेबसाइट अपडेट करने का समय ही नहीं है। जबकि कई तरह के सत्यापन ऑनलाइन किया जाता है। जानकारी के अनुसार राजधानी पुलिस की वेबसाइट अपडेट न होने के कारण तबादले होकर जिले से जा चुके अफसर गोपाल धाकड़ अभी भी जिला पुलिस की क्राइम ब्रांच के एएसपी बने नजर आ रहे हैं। उनकी तरह की ऐशबाग थाना प्रभारी अजय नायर को थाने से पिपलानी थाने में टीआइ बने एक माह से ज्यादा का समय हो चुका है। उनके जाने के बाद से तीन थाना प्रभारी बदले जा चुके हैं। इसके बाद भी ऐशबाग थाना प्रभारी अजय ही भोपाल पुलिस की वेबसाइट पर नजर आ रहा है। इसके अलावा कोतवाली थाना प्रभारी अजय मिश्रा को डीएसपी बने दो माह से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन भोपाल ऑनलाइन उनको ही थाना प्रभारी कोतवाली ही बता रही है। उनकी तरह ही कटारा हिल्स थाना प्रभारी अभी अजय राणा की नजर आ रहे हैं, जबकि वहां सुरेश मीणा टीआइ बने हुए हैं। ऐसा ही हालत हबीबगंज और बैरागढ़ के थाना प्रभारी बदले जा चुके हैं।

### ऑनलाइन अपडेट होना चाहिए

एमपी के डीजीपी विवेक जौहरी पुलिस की वेबसाइट अपडेट को लेकर कई बार कह चुके हैं। जिला स्तर पर अपनी ऑनलाइन जानकारी तत्काल अपडेट होना चाहिए, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि राजधानी पुलिस की वेबसाइट का यहां हाल है। बाकी जिलों में क?या स्थिति होगी इसका आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। जबकि भोपाल में इन सभी मामलों की निगरानी के अलग से एसपी मुख्यालय, एएसपी मुख्यालय, डीएसपी मुख्यालय तैनात है।

# कालेजों में 16 दिसंबर से शुरू होंगी पीजी की परीक्षाएं




**भोपाल ।** प्रदेश के कालेजों में पीजी प्रथम और तृतीय सेमेस्टर व एटीकेटी की परीक्षाएं 16 दिसंबर से शुरू की जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग ने निर्देश जारी कर प्रदेश के 1301 कालेजों की पीजी की परीक्षाएं 16 दिसंबर से भौतिक रूप से उपस्थिति के साथ परीक्षाएं लेने का आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों और कालेज प्रबंधन को निर्देश जारी की दिए हैं। आदेश में यह लिखा है कि वर्ममान समय में कोविड-19 के संक्रमण में निरंतर कमी को देखते हुए सत्र 2021-22 में पीजी प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसंबर से 11 जनवरी के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं 50 फीसद बैठक क्षमता के साथ परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान कोविड गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। इस दौरान परीक्षार्थियों को सुरक्षित शारीरिक दूरी के साथ ही मास्क लगाना होगा। सभी विश्वविद्यालयों के तय समय-सारिणी के मुताबिक परीक्षा का आयोजन करना होगा। बता दें कि कोविड काल के कारण दो साल से ओपन बुक पद्धति से कालेजों की परीक्षाएं ली जा रही थी, लेकिन अब भौतिक उपस्थिति के साथ आफलाइन परीक्षाएं शुरू की जाएंगी। विभाग ने कोविड गाइडलाइन का पालन करते हुए परीक्षा कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस परीक्षा में करीब दो लाख विद्यार्थी शामिल होंगे। पीजी के प्रथम और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 16 दिसंबर से 11 जनवरी के बीच ली जाएंगी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए उच्च शिक्षा विभाग दो साल से ओपन बुक परीक्षा कराता आ रहा है। विभाग परीक्षा की वैकल्पिक व्यवस्था को खत्म कर भौतिक तौर पर परीक्षाएं कराने की तैयारी कर रहा है।

### परीक्षार्थियों के लिए मेस की व्यवस्था होगी

आदेश में यह लिखा है कि जिन कक्षाओं के लिए परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। उनके विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और मेस की व्यवस्था शासन के आदेशानुसार आयोजित की जाएगी। इसके अलावा कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

# सीएम शिवराज की अपील

## मास्क, शारीरिक दूरी का ध्यान रखें, वैक्सीन लगवाएं और बिजली भी बचाएं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार शाम 7 बजे अपने संदेश में मध्य प्रदेश में बढ़ते टीकाकरण के लिए डाक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को बधाई दी। सीएम शिवराज ने कहा कि मध्य प्रदेश में कोविड की स्थिति सामान्य होने के बाद पाबंदियां हटा दी गई। मध्य प्रदेश में कोविड संक्रमण नियंत्रित हैं। आज 7 पाजिटव केस आए है, एक्टिव केस 79 है। ऐसी परिस्थितियों में हमने सभी प्रतिबंधों को समाप्त करने का फैसला किया। सीएम ने कहा कि इसके बाद भी आपसे प्रार्थना है कि सावधान रहिए। यूरोप के देशों में कोविड बढ़ रहा है, मृत्यु भी हो रही है। अगर हम असावधान रहे तो फिर प्रतिबंध लगाने पड़ सकते हैं। सीएम शिवराज ने कहा कि मैं आपसे अपील कर रहा हूं कि मास्क लगाना मत छोड़ना, हम दूरी बनाएं रखें, हाथ धोएं। रोज 70 हजार टेस्ट होंगे, जिससे संक्रमण थोड़ा भी बढ़े तो पता चल जाएगा। अगर आपको जरा भी लगे तो कोविड टेस्ट करवाएं। मैं प्रति शुक्रवार कोविड टेस्ट करवाता हूं। सरकार फ्री में यह टेस्ट कर रही है। सीएम ने कहा कि कोविड वैक्सीन का दूसरा डोज जरूर लगवाना है। दिसंबर के अंत तक एक भी भाई-बहन बिना दूसरे डोज के नहीं रहना चाहिए। दुकानदार, शिक्षक, स्कूल का स्टाफ, 18 वर्ष के ऊपर के बच्चे, सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवियों से अनुरोध है कि खुद भी दूसरा डोज लगावाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। अब फिर से हमें पहले जैसी परिस्थियां नहीं बनने देना है। कृपया करके कोविड वैक्सीन जरूर लगवाएं, ताकि हम अपने जीवन को पूरी तरह से सुरक्षित कर सके। आप सबका पूरी तहर से साथ मिलेगा।

### सीएम ने कहा ऊर्जा साक्षरता जरूरी

सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं एक और अपील कर रहा हूं कि ऊर्जा साक्षरता जरूरी है। बिजली बचाएं यह बहुत जरूरी है। अगर कोई सोचता है कि बिजली जलाने से मेरा क्या जाता है तो उन्हें बता दूं कि इससे उनका ही नुकसान है। बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है, इसलिए बिजली संभलकर खर्च करें।



# किसान के घर में डकैती

### दराता-फालिया लेकर घुसे बदमाश नकदी-जेवर लेकर फरार

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में भी डकैती का मामला सामने आया है। सशस्त्र बदमाशों ने एक किसान और स्वजनों को बंधक बनाकर लूटा है। हालांकि पुलिस ने घटना को चोरी बताया है। प्रकरण भी चोरी की धाराओं में ही दर्ज किया है। घटना तीन इमली गोया कैलोद तेजाजी नगर निवासी राधेश्याम गिरवाल के घर में रविवार रात करीब ढाई बजे की है। गिरवाल ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी गौरी, बेटी बबली और बेटे रामेश्वर के साथ घर में सो रहे थे। अचानक सात बदमाश घर में दाखिल हुए और मारपीट शुरू कर दी। राधेश्याम के मुताबिक बदमाशों के पास दराता, फालिया व डंडे थे। आरोपितों ने पहले राधेश्याम को कब्जे में किया और उस कमरे का दरवाजा खुलवाया जिसमें उनकी बेटी बबली और बेटी रामेश्वर सो रहे थे। आरोपितों ने हत्या की धमकी दी और घर में रखे जेवर व करीब 20 हजार नकदी लूट ली। राधेश्याम खेती किसानी का काम करते है। उन्होंने पुलिस को बताया कि बदमाशों के हाथों में हथियार थे। उन्होंने पत्नी गौरी और बेटे रामेश्वर के साथ मारपीट भी की है। राधेश्याम बबली की शादी की तैयारियों में जुटे थे। बदमाश जो जेवर लूट कर ले गए वो बबली की शादी के लिए ही खरीदे थे। पुलिस ने घटना स्थल का दौरा किया और आसपास के लोगों से जानकारी ली। एक जगह से सीसीटीवी फुटेज भी निकाले है। हालांकि गंभीर मामले में पुलिस ने चोरी की सामान्य धाराओं में ही केस दर्ज किया है।

# भोपाल रेलवे स्टेशन में पटरी से उतरा इंजन

## 50 मिनट तक बंद रहा छह नंबर प्लेटफार्म

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह 11ञ्30 बजे के करीब शंटिंग के लिए जा रहा एक इंजन पटरी से उतर गया। बताया जा रहा है कि सिगनलिंग की तकनीकी खामी के चलते यह इंजन पटरी से उतरा। इस घटना की हकीकत पूरी तरह से जांच के बाद ही सामने आ पाएगी। रेलवे के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि यह डीजल इंजन शंटिंग यानी ट्रेन के डिब्बों को इधर से उधर ले जाने के लिए स्टेशन में ही उपयोग किया जाता है। गुरुवार को भोपाल स्टेशन के छह नंबर प्लेटफार्म पर खड़े कोचों को लेने के लिए बीना छोर से यह इंजन जा रहा था। तभी फुट ओवरब्रिज के आगे यह इंजन पहुंचा तो पटरी से नीचे उतर गया।




उस वक?त इंजन की रफ्तार करीब 20 किलोमीटर प्रति घंटा थी। इस कारण पटरी से उतरने के बाद भी इंजन पलटा नहीं, वरना बड़ी दुर्घटना भी हो सकती थी। घटना के बाद तुरंत इंजीनियर व अन?य मैकेनिकल स?टाफ मौके पर पहुंचा और इंजन को वहां से हटाने का काम शुरू किया। ब्रेकडाउन क्रेन की मदद से इंजन को 12ञ्20 बजे पटरी से हटा लिया गया। इंजन के पटरी से उतरने की वजह से करीब 50 मिनट तक 06 नंबर प्लेटफार्म बंद रहा। हालांकि यह अच्छी बात रही कि इस दौरान प्लेटफार्म नंबर 06 पर कोई भी ट्रेन आने वाली या यहां से रवाना होने वाली नहीं थी। बता दें कि करीब 3 साल पहले हबीबगंज रेलवे स्टेशन (अब रानी कमलापति स?टेशन) पर इसी तरह की घटना शंटिंग के दौरान हुई थी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद इस मामले में जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।



# शादी के चौदह साल बाद पत्नी को फोन पर बोल दिया तीन बार तलाक, केस दर्ज

**भोपाल।** गौतम नगर थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मुस्लिम महिला विवाह संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। महिला की शादी को 14 वर्ष हो चुके हैं। पति ने महिला को फोन पर तीन बार तलाक बोलकर संबंध समाप्त कर लिए। गौतम नगर थाना पुलिस के मुताबिक आरिफ नगर निवासी 30 वर्षीय महिला की शादी 14 साल पहले उत्तर प्रदेश निवासी फुरकान अहमद से हुई थी। शादी के बाद वह पति के साथ उत्तरप्रदेश में रहने लगी थी। उसके दो बेटे और एक बेटी है। महिला ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि शादी के समय उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत के हिसाब से दहेज दिया था। शादी के कुछ वर्षों तक तक तो सब कुछ ठीक चला, लेकिन पिछले एक वर्ष से पति फुरकान और सास मशर्रत दहेज के लिए महिला को ताने मारने लगे थे। परेशान होकर महिला जुलाई माह में बेटी को साथ लेकर मायके में आकर रहने लगी। महिला ने पुलिस को शिकायत में बताया कि पिछले दिनों उसने पति के पास रह रहे बच्चों से बात करने के लिए पति को फोन लगाया। इस दौरान पति ने फोन पर उसके साथ विवाद करना शुरू कर दिया। साथ ही फोन पर तीन बार तलाक बोलते हुए संबंध समाप्त होने की बात कहकर फोन काट दिया। इसके बाद महिला ने कई बार पति को फोन लगाया, लेकिन उसने फोन रिसीव नहीं किए। इसके बाद महिला के परिवार के लोग दामाद को समझाने गए। उन्होंने अपने दामाद और उसकी मां को समझाने की कोशिश भी की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद उन्होंने महिला की ससुलाल के इलाके के थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने वहां शून्य पर केस दर्ज कर केस डायरी गौतम नगर थाने भेज दी।

# गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर बैरागढ़ में प्रभात फेरी

## पुष्प वर्षा से स्वागत, शाम को कार्तिक महोत्सव का समापन

**भोपाल।** संत हिरदाराम नगर । गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में संत हिरदाराम नगर में अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। संस्कार स्कूल में पिछले 40 दिनों से अमृतवेला कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। ट्रस्ट ने आज सुबह प्रकाश पर्व के उपलक्ष में प्रभात फेरी निकाली। इसका जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। विजयनगर में सिंधी समाज उत्थान पंचायत ने भी प्रभात फेरी निकाली। आज शाम को कार्तिक माह महोत्सव का समापन होगा। इसी दौरान गुरु नानक जयंती मनाई जाएगी। अमृतवेला ट्रस्ट की ओर से आयोजित कीर्तन में उल्हासनगर के रिंकू महाराज ने श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया।

रिंकू महाराज ने लगातार 40 दिन तक ऑनलाइन भक्तों को कीर्तन वाणी का रसपान कराया सेवादार धीरज टिलवानी ने बताया कि गुरु नानक जी का अवतरण दिवस की खुशियां मनाई गई प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष साधक शामिल हुये। प्रभात फेरी के आगे पंज प्यारे चल रहे थे गुरु नानक देव जी की आकर्षक पालकी सजाई गई थी। सन्त नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए प्रभात फेरी संस्कार



स्कूल पहुंचकर समाप्त हुई। वाहेगुरु और धन गुरु नानक के जयकारे लगाए गए। साध्वी द्रोपदी धनवानी की अगुवाई में प्रभात फेरी का जोरदार स्वागत किया गया। विजयनगर समाज उत्थान पंचायत की ओर से आयोजित प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यहां प्रसाद वितरण के बाद लंगर की व्यवस्था की गई है।

### गुरुद्वारों में विशेष साज-सज्जा रात को अवतरण

बैरागढ़ के गुरुद्वारों और दरबारों में गुरु नानक देव साहब के अवतरण दिवस के उपलक्ष में सजावट की गई है। सुखसागर दरबार में बाबा रामदास के सानिध्य में कार्तिक महा महोत्सव का आज शाम को समापन होगा। गुरु नानक जी का अवतरण दिवस भी मनाया जाएगा। एफ वार्ड स्थित गंगाधाम दरबार में महंत तुलसीदास उदासी के सानिध्य में कार्तिक महोत्सव मनाया गया। इसका समापन आज गुरु नानक जयंती के साथ किया जाएगा। कीर्तन करते हुए भाई तुलसी ने कहा कि जिस मंदिर में कथा होत है, वैंकुठ धाम सोई कहिए, अर्थात जिस जगह पर कीर्तन ओर कथा होती है वह जगह वैंकुठ के समान हो जाती है। कार्तिक माह में भक्ति की भावना जल्दी उत्पन्न होती है एवं मनुष्य शुद्ध हो जाता है अतः इस माह में मनुष्य को सत्संग अवश्य करना चाहिए।

# कांग्रेस बोली, सरकार को किसानों के संघर्ष के आगे झुकना पड़ा



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा को कांग्रेस ने किसानों के संघर्ष की जीत बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, दिग्विजय सिंह सहित अन्य नेताओं ने कहा कि आज लोकतंत्र और किसान आंदोलन की जीत हुई है। अब सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपज खरीदने की गारंटी देने के लिए कानून बनाए। आंदोलन में जितने भी किसानों ने अपना बलिदान दिया है, उन सभी के स्वजन को मुआवजा दिया जाए। कमल नाथ ने ट्वीट किया तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ देशभर के किसान एक साल से सड़कों पर आंदोलन कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन के दौरान सैंकड़ों किसानों की मौत हो गई। कभी उन्हें देशद्रोही कहा गया तो कभी आतंकवादी व दलाल पर किसानों ने हिम्मत नहीं हारी। कांग्रेस ने भी किसानों के इस आंदोलन का खुलकर समर्थन किया और संघर्ष में पूरी तरह साथ खड़ी रही। एक साल बाद आखिरकार किसानों के संघर्ष की जीत हुई। केंद्र सरकार के कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा का हम स्वागत करते हैं। यदि यह निर्णय पहले ही ले लिया जाता तो सैंकड़ों किसानों की जान बच सकती थी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इन कानूनों के विरोध कर रहे किसानों पर जो मुकदमे दर्ज किए गए हैं, उन्हें वापस लिया जाए। वहीं, दिग्विजय सिंह ने कहा कि किसान सहित सभी राजनीतिक दल शुरुआत से ही कह रहे थे कि कृषि कानून किसान विरोधी हैं। मंडियां बंद हो जाएंगी और जो चुनिंदा फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल रहा है, वो भी नहीं मिलेगा। ठेके पर खेती से छोटे किसान बर्बाद हो जाएंगे पर सरकार ने एक नहीं सुनी। उधर, किसान अपनी बात पर अडिग थे। किसानों की एकजुटता के आगे झुकते हुए सरकार को अंततः कृषि कानून वापस लेने की घोषणा करनी पड़ी। कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के हित में बहुत काम किया है। एक लाख 64 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को सम्मान निधि के तौर पर दिए जा चुके हैं। उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने के लिए लगातार काम किए जा रहे हैं। तीनों कृषि कानून किसान हित में थे। बड़े पैमाने पर किसानों ने समर्थन किया था लेकिन पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को कुछ संगठनों ने भड़काया। हम उन्हें समझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे पर कुछ को समझाने में सफल नहीं हुए। किसान देश की आत्मा और रीढ़ है। उनके हित में कानूनों को वापस लेने का निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश के किसान पहले भी प्रधानमंत्री के साथ साथ थे और आगे भी रहेंगे।

# पुरस्कार पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**बरगी नगर ।** बरगी नगर में सच्चा प्रयास संस्था, जिला बाल अधिकार मंच द्वारा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगी नगर में आयोजित किया गया। जिसमें हरदौली पंचायत के सरपंच पंचदेव महतो शाला के प्राचार्य अमर सिंह ठाकुर की उपस्थिति में कार्यक्रम शुरू हुआ।

**पुरस्कारों का हुआ वितरण**

मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आसमा भूमिया चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा दसवीं के छात्र अहियान खान रंगोली प्रतियोगिता में अंजली अग्निहोत्री प्रतियोगिता में यशी पटेल प्रथम स्थान पर रहे साथ ही सभी अन्य छात्रों को प्रमाण पत्र तथा सांत्वना पुरस्कार बांटे गए उक्त सभी कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगी नगर चाइल्ड राइट ऑब्जर्वेटरी मध्यप्रदेश भोपाल जिला बाल अधिकार मंच तथा सच्चा प्रयास संस्था के संयोजन में आयोजित किया गया जिसमें संस्था प्रमुख परवेज खान दिनेश सिंह राजपूत अनिल बाथम पार्वती झारिया सत्येंद्र झारिया दिनेश नामदेव शैल पटेल अंजलि खुशाल तथा शिक्षकों की विशेष सहयोग से संपन्न किया जा सका।

## नि:शक्त और बुजुर्ग उपभोक्ताओं को ज्यादा परेशानी

### रोजाना बन रही विवाद की स्थिति, प्रशासन मौन

# बैंक शाखाओं के पास नहीं पार्किंग के कोई इंतजाम

**पनागर/**उपनगरीय क्षेत्र पनागर के मेन रोड पर संचालित बैंक शाखाओं के परिसरों में वाहनों की पार्किंग के कोई इंतजाम नहीं हैं। बैंक में कामकाज के लिए आने वाले लोग रोड पर ही वाहन खडे करते हैं। इस कारण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। साथ ही बैंक में आने-जाने के दौरान लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडता है। पनागर में पार्किंग की सबसे ज्यादा खराब स्थिति बैंकों के सामने ही है। जानकारी के मुताबिक पडाव चौराहा, कमानिया गेट, थाने के सामने वाहनों की कतार न केवल यातायात को प्रभावित करती है बल्कि बैंक में आने-जाने वाले लोगों को भी दिक्कत होती है। मेन रोड की सडक को ही अघोषित रूप से पार्किंग बना दिया है। मेन रोड पर अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएं भी संचालित हैं। अन्य बैंकों में से किसी के भी पास पार्किंग व्यवस्था नहीं है। सबसे ज्यादा वाहनों की कतार शाखाओं के सामने ही लगती हैं। इससे कई बार शहर में मेन रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था भी लडखडा जाती है।



**– साइड देने की नहीं मिलती जगह**

नगर में अन्य बाजारों की तुलना में बैंक शाखाओं के सामने दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती है। बैंक में रोज सैकडों लोग आते हैं। प्रमुख बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व सेंट्रल बैंक शाखा के सामने सडक पर लोग अपने दो पहिया वाहन खडे कर देते हैं। बैंकों के सामने बेतरतीब खडे ये वाहन कई बार मेन रोड की ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड देते हैं। कभी कभार तो सडक पर जाम तक लग जाता है। लोगों को साइड देने की जगह नहीं मिलती रोड से रोजाना सैकडों की संख्या में ट्रक, डंपर, बसें, कार, जीप, स्कूल बसें आदि निकलते हैं। शासन के नियमानुसार जब मैरिज गार्डन, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मल्टी इमारतों के लिए पार्किंग व्यवस्था अलग से रखना अनिवार्य है, फिर यह नियम बैंकों के लिए लागू क्यों नहीं है। मेन रोड पर बैंक के सामने वाहन खडे होने से ट्रैफिक व्यवस्था बिगड जाती है। रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों को भी कठिनाई होती है। कई बार इन दोपहिया वाहनों को टक्कर भी लग जाती हैं। इससे विवाद की स्थिति बनती होती है। बैंक प्रबंधकों का बेहतर पार्किंग व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं है।

बैंक में पैदल जाने वालों को भी खासी मशक्कत करनी पडती है। नि:शक्त और बुजुर्ग उपभोक्ताओं को ज्यादा परेशानी होती है। बैंक के सामने दर्जनों वाहन खडे रहते हैं। इस कारण रोड से अन्य वाहनों को निकालना मुश्किल हो जाता है। बैंक प्रबंधन के पास पार्किंग का कोई इंतजाम नहीं है।

**नानक पटेल**

हमारे पास इतनी ही पार्किंग की है व्यवस्था, हमारे ग्राहक ही खुद गाडियां सही तरीके से खडी नही करते है

**शीतांशु सिन्हा**
**शाखा प्रबंधक एसबीआई**

## स्वस्थ्य प्रदेश- मध्य प्रदेश

# 550 केंद्रों पर विशेषज्ञ देंगे निशुल्क स्वास्थ्य सेवा

**जबलपुर**।प्रदेश के जनमानस को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने एक और अहम कदम उठाया है। देश के 550 सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों में अब सामान्य चिकित्सा के साथ-साथ एमडी मेडिसिन यानी मेडिसिन के विशेषज्ञ चिकित्सकों स्त्री रोग विशेषज्ञ और बाल रोग विशेषज्ञों से भी स्वास्थ्य सलाह ली जा सकेगी। यह योजना मुख्य तौर पर ग्रामीण और सुदूर इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से आरंभ की गई है।

इस कार्य के लिए प्रदेश सरकार ने जीलोकल हेल्प केयर सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी से करार किया है, जो स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों को उपलब्ध करवाएगी। कंपनी प्रबंधक ने इस बाबत जानकारी देते हुए बताया है कि 250 सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्रों पर यह सुविधा मुहैया करवाई जा चुकी है और बचे हुए बाकी केंद्रों पर भी शीघ्र ही उक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के 2019 2020 के आंकड़े के अनुसार प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में महज 29.6 फ़ीसदी महिलाओं की प्रसव पूर्व परीक्षण के लिए औसतन 4 बार चिकित्सक के पास जाती है ,यही नहीं प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में 12 से 23 महीने के 50.2त्न बच्चों को ही प्रतिरक्षा दवाई मिल पाती है। जन्म के बाद चिकित्सीय परीक्षण के मामले में स्थिति और भयावह है। ग्रामीण आबादी के मात्र 18.2त्न बच्चों को जन्म के बाद पहले 2 दिन में चिकित्सीय जांच की सुविधा मिल पाती है। उम्मीद की जा रही है की विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता से प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतरीन हो पाएंगी।

# जांच के नाम पर हो रही अवैध वसूली, उड़नदस्ता टीम की मनमानी

**शहडोल।** भले ही परिवहन विभाग ग्वालियर द्वारा संभागी उड़नदस्ता टीम की पदस्थापना की गई है और संभाग के तीनों जिलों में परिवहन व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे, यातायात नियमों का पालन हो, चार पहिया वाहन पूरे नियम और कायदे के साथ परिवहन करें, इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए संभागीय उड़नदस्ता टीम को अपने कर्तव्य का निर्वहन करना चाहिए किंतु देखा जा रहा है कि परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम जांच के नाम पर अवैध वसूली करने से कोताही नहीं बरत रही है जिसके कारण वाहन मालिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैद्य मिली जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अपने मातहतों के साथ तीनों जिलों में कहीं भी जांच के नाम पर निकल पड़ते हैं और मुख्य मार्ग पर जांच कार्यवाही करते रहते हैंद्य लेकिन कई वाहन चालकों से जांच के नाम पर अवैध वसूली किए जाने की भी खबर हैद्य जांच कार्यवाही करना तो उड़नदस्ता टीम का धर्म माना जाता है लेकिन प्रभारी अपने कर्तव्य रूपी धर्म का पालन ना करते हुए अवैध वसूली में वीरता प्राप्त कर रहे हैंद्य जन चर्चा यह है कि उड़नदस्ता टीम में खूंटा टोला एवं डोला चेकपोस्ट बैरियर में विवादित रह चुकी एक आरक्षक भी शामिल हैद्य इन दोनों के अलावा उड़नदस्ता टीम में और भी कर्मचारी शामिल रहते हैं जिनकी जांच कराई जाने की आवश्यकता है की वह परिवहन विभाग के कर्मचारी हैं या गैर कर्मचारीद्य कई सालों से देखा यह जा रहा है कि उड़नदस्ता टीम के प्रभारी अपने मातहतों में ऐसे व्यक्तियों को शामिल करते हैं जिन का वास्ता परिवहन विभाग में नहीं रहता है लेकिन वह उड़नदस्ता प्रभारी के कदम से कदम ताल मिलाकर चलते हैंद्य उड़नदस्ता टीम शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर जिले में कहीं भी जांच कार्यवाही कर सकती है।

# ओपियम में भोजपुरी गायक गोपाल राय एवं टीम की शानदार प्रस्तुति

**शहडोल** छठ पूजा समिति के तत्वाधान में बुधवार को शंकर मंदिर बम बम तालाब के पास बकहो मे राठौर इवेंट ग्रुप के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई जिसमें गोपाल राय उमेश सिंह राठौर अर्चना भारद्वाज राकेश हरी पूरी एवं टीम द्वारा जोरदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा आयोजन में प्रमुख रूप से राकेश सिंह रिंकू, बृज किशोर यादव, अरुण यादव ,नागेंद्र दुबे ,आमोद सिंह, सुबोध सिंह ,ओम प्रकाश सोनी, सरोज यादव, नागेंद्र ठाकुर, लक्ष्मण गौतम ,अशोक चौरसिया, अशोक शर्मा ,अभिषेक सिंह, मुन्ना भैया हार्डवेयर, बबन यादव, जितेंद्र यादव, अनिल यादव, अनीश सिंह, कुकू श्रीवास्तव, कारेश्वर गुण ,हरे राम राय, सहदेव यादव, आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## पीडित मानवता की सेवा इबादत है- बब्लू कुरैशी

**जबलपुर.** इस्लाम में जरूरतमंद लोगों की मदद का बहुत बड़ा सवाब (पुण्य) बताया गया है. पीडित मानवता की सेवा करना भी इबादत है। उक्त उद्गगार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी बब्लू कुरैशी ने व्यक्त किए. मौका था हड्डी गोदाम मैदान में आयोजित किए गए जलसए जश्नए गौस ए आजम का. शहर काज़ी हजरत मौलाना रियाज़ आलम मुहम्मदी की सलपरस्ती में हुए जलसे में बच्चों ने नात ए पाक पेश की. सलातो सलाम के साथ जलसे का समापन हुआ. इस मौके पर मुहम्मद अयाज मंसूरी, शहजादे गुरू, हाजी बबुआ कुरैशी, फरहत कुरैशी, अहसान कुरैशी, अकबर उस्ताद, सलीम मजाज़, मुज़फ़्फर कुरैशी, मेहबूब, नसीम आदि की मौजूदगी ख़ास रही।



# मंडलीय रेल समिति के सामने दिलीप दुबे ने रखी अनेक मांगे

**सिहोरा ।** पूर्व विधायक दिलीप दुबे ने गुरुवार को मंडल रेल कार्यालय जवलपुर में आयोजित मंडलीय रेल समिति की बैठक में भाग लेकर क्षेत्र की प्रमुख रेल समस्याओं के समाधान की मांग की। पश्चिमी मध्य रेलवे पर आयोजित मंडलीय समिति की बैठक में पश्चिमी रेलवे के महाप्रबंधक सहित मंडल रेलवे के सभी उच्च अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में दुबे ने सिहोरा एवं ब्होरीबंद क्षेत्र की प्रमुख रेल मांगों और समस्याओं की ओर ध्यान दिलाते हुए जल्द समाधान करने की मांग की। वर्षा के दौरान कुर्रे में बने अंडर पास की वजह से ग्रामीणों को हो रही दिक्कत की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि आखिर इस तरह का अंडर पास क्यों बनाया गया, जिससे आम लोगों को सुविधा की बजाय असुविधा होती है। कुर्रे अंडर पास की वजह से गांव वालों को बारिश की सीजन में 10 किमी चक्कर लगाना प?ता है। सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बढ़ाए जाने प्लेटफार्म नंबर दो का शेड बढ़ाए जाने एवं कोच डिस्प्ले लगाए जाने का प्रस्ताव रखा।



**स्टॉपेज की कि मांग**

जबलपुर कटनी के बीच स्थित सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन से सिहोरा बहोरीबंद एवं मझौली तीन विधानसभा के सैकड़ों ग्रामों के बाशिंदे सस्ती एवं सुलभ यात्रा का शुभारंभ करते हैं जिससे रेलवे को भरपूर राजस्व प्राप्त होता है किंतु चंद ट्रेनों के स्टॉपेज होने के कारण क्षेत्र के लोगों को रेल यात्रा प्रारंभ करने महानगरों का रुख करना पड़ता है क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप राजकोट एक्सप्रेस, रीवा -इतवारी, जबलपुर -जम्मू तवी, साप्ताहिक एवं जबलपुर-हरिद्वार साप्ताहिक ट्रेन के सिहोरा में ठहराव की मांग को पुनः दोहराया।

# रिश्वतखोर एएसआई के चलते टीआई भी लाइन हाजिर



अवधेश गोस्वामी
शहडोल पुलिस अधीक्षक

**शहडोल ।** एक बार शहडोल पुलिस कप्तान ने पुलिस कर्मी समेत टीआई पर गाज गिराते हुए संदेश दे दिया है कि जनता से अन्याय बर्दाश्त नही किया जाएगा। न्याय सबके लिए और विभाग के कर्मचारियो, अधिकारियो को बडा सबक देते हुए देर शाम भी दो लाइन हाजिर कर दिए द्य अपनी निष्पक्ष कार्यशैली और संवेदनशीलता के लिए शहडोल पदस्थापन के बाद से ही जनचर्चाओ मे है कि मामला एसपी तक पहुंचा तो कोई द्वद्ध और क्व्हह्ल जयसिंहनगर थानांतर्गत रिश्वत लेते एएसआई गुलाब सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है इसके साथ साथ नही चलेगा साहब बिल्कुल निपटा देगे। बुधवार देर शाम जब जयसिंहनगर थानांतर्गत रिश्वत लेने के मामले से जुडा मुख्य विडियो जिसे ग्रामीणो की मदद से बहादुर मीराबाई ने बनवाया था जिसे पुलिस अधीक्षक को भेजने के चंद घंटे बीते ही थे कि पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैधानिक गतिविधियो पर नियंत्रण ना कर पाने की स्थित मे टीआई नरबद सिंह धुर्वे थाना जयसिंहगनर को भी लाइन हाजिर कर दिया है। इस तरह के कई मामले मे त्वरित संज्ञान लेकर न्याय संगत विधिवत कार्रवाई कर पुलिस अधीक्षक शहडोल मे जीरो टोलरेंस अभियान पर लगातार कायम है।

**जाने पूरा मामला**

करकी जयसिंहगनर का जहा बीते 08 अगस्त 2021 को निवासी मीराबाई बैगा पिता संतुलाल बैगा के घर मे घुसकर संतोष यादव मे मां-बहन की गाली गलौज करते हुए मारपीट की थी जिसकी शिकायत स्थानीय थाना पुलिस को करते हुए मामले मे कार्रवाई की गुहार लगाई। जिस पर बकायदा उसी दिनाँक 1~19 बजे एफआईआर नंबर 0344 दर्ज की गई और शुरू हो गया विवेचना के नाम पर आपदा मे अवसर तलाश करने मे माहिर सहायक उपनिरीक्षक गुलाब सिंह ने पांच हजार रुपए मांग लिए। अचानक पुलिस की आई मांग से परेशान तंगहाल महिला ने मन मारकर ही सही चाँदी गिरवी रखकर पांच हजार रुपए लाकर दिए ताकि पुलिसिया न्याय खरीदने मे विपक्ष से कही पीछे न रह जाए। लेकिन यह मांग कुछ दिन बीतने के बाद दोगुनी हो चली जिससे नाराज फरियादी ने मीडिया कर्मी को आप बीती बताई और बतलाया थाना पुलिस जयसिंहनगर के सहायक निरीक्षक गुलाब सिंह का पैसे देते हुए लेनदेन का पूरा बना विडियो बना लिया था है। यह कार्रवाई उन सब के लिए सबक भी है जिन्होने देश-भक्ति जन सेवा को मिली खाकी को जरा भी दांव पर लगाया तो किसी भी सूरत मे बख्शा नही जाएगा।

# सेवा,समर्पण में प्रत्यक्ष साक्षी है संपूर्ण हिंदू श्रंखला



**जबलपुर**। संपूर्ण हिंदू श्रंखला परिवार के संयुक्त तत्वाधान में गरीबों, असहायों व संतों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। संस्थापक अनिरुद्धाचार्य ने कहा कि हमने यह साप्ताहिक सेवा में लोगों को गर्म कंबलों का वितरण प्रारंभ किया है। अध्यक्ष शशांक बर्मन ने बताया कि हमने अभी तक 300 कंबलों का वितरण किया है और प्रतिदिन कंबल मंगवाये जाते हैं व प्रतिदिन ही वितरण कर दिये जाते हैं। सचिव सौरभ पंडा ने कहा कि हमारा कथन ÷सेवा ही परमो धर्म÷ से है और हम सेवा लगातार कर रहे हैं। अवसर पर संस्थापक अनिरुद्धाचार्य जी, अध्यक्ष शशांक बर्मन, सौरभ पंडा, श्यामा प्रसाद, विक्रम सिंह, जगदीश पवार ,सोहित शर्मा, श्री राम शर्मा आदि उपस्थित थे।

## शहीदअहीर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर के द्वारा सन 1962 के चीन भारत रेजांगला युद्ध में 120 अहीर सैनिकों ने युद्ध में शामिल होकर 114 ने अपनी शहादत दी थी उन्हीं की याद में मोमबत्ती जलाकर शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मांनर्मदा के तट पर हुए शहीदों के नाम इस कार्यक्रम में यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष भारत सिंह यादव प्रदेश महासचिव विजय यादव जिला अध्यक्ष ग्रामीण रामकुमार यादव जिला युवा अध्यक्ष राघवेंद्र यादव जिला युवा शहर अध्यक्ष शशांक यादव प्रदेश सचिव राजेश यादव प्रदेश सचिव सुनील यादव बबला यादव शिवम यादव प्रदीप यादव राजा भैया यादव रज्जन यादव नितिन यादव सरवन यादव आदि सैकड़ों यादव महासभा के पदाधिकारी एवं युवक उपस्थित थे।

# डीआरएम के साथ उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक

## स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल से उपभोक्ता सलाहकार समिति की 145 भी बैठक आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में डीआरएम संजय विश्वास के मुख्य अध्यक्षता में प्रारंभ हुई इस बैठक में मंडल के 22 सदस्यों में से 17 सदस्य उपस्थित हुए इस अवसर पर उपभोक्ता समिति के सदस्य कटनी के सर्वश्री सुधीर मिश्रा, कमलनयन काबरा, गोपाल चारी गुप्ता, हुकूमत राय होतवानी, बलराम जिज्ञासी, सुधीर जायसवाल, रणवीर कुमार कर्ण,सुदर्शन वैद्य, नंदराम पाठक, मनोज कुमार गुप्ता, दिलीप दुबे, बीएस मैनी, निखिल अरुण देशमुख, जय सचदेवा, विनोद यादव, राधेश्याम अग्रवाल तथा अमित साहू ने रेलवे अधिकारियों के समक्ष विभिन्न स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के लिए अनेक सुझाव प्रस्तुत किए । इस अवसर पर कटनी में ऑटो चालकों के स्टेशन में प्रवेश को रोकने, पिपरिया स्टेशन पर लिफ्ट बनाने, माल गोदाम को शिफ्ट करने, कटनी स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का विकास करने तथा वहां बनी पुरानी जीआरपी चौकी को हटवाने तथा रीवा से मुंबई और रायपुर के लिए नई ट्रेन चलाने जैसे अनेक सुझाव समिति के सदस्यों ने प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीआरएम संजय विश्वास के साथ ही अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता तथा समिति के सचिव वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री विश्वरंजन ने सदस्यों के सुझावों पर रेल प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात बताई। इस अवसर पर बैठक का संचालन मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने किया इस बैठक में मंडल के शाखा अधिकारी विश्वरंजन, डॉ.मधुर वर्मा, संजय मनोरिया, मनीष पटेल, कमांडेंट अरुण त्रिपाठी, अभिषेक मिश्रा, पंकज दुबे सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित थे। बाल अधिकारों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ समापन।



# कांग्रेस कमेटी ने मनाया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का जन्मदिन

**शहडोल ।** कांग्रेस भवन शहडोल में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया,उक्त कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह ,प्रदेश महामंत्री नीरज द्विवेदी, जिला समाज कल्याण प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम लखन तिवारी, शिक्षक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रामनरेश तिवारी, कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष ओ.पी पांडे, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष अनुपम गौतम, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष अतुल तिवारी, जिला कांग्रेस महामंत्री बाल्मीकि द्विवेदी, महामंत्री अरुणेंद्र तिवारी,जिला कांग्रेस प्रवक्ता किरोधर सोंधिया, आईटी सेल अध्यक्ष शिव शंकर शुक्ला,आईटी सेल कार्यवाहक अध्यक्ष वसीम खान, जिला समाज कल्याण वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूप नारायण मिश्रा, उपाध्यक्ष संजय पटेल, सोहागपुर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, जैतपुर अध्यक्ष रवि नारायण तिवारी, गोहपारू अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी, सोशल मीडिया समन्वयक अभय राज द्विवेदी ,सह सोशल मीडिया समन्वयक शहजाद खान, युवा कांग्रेस महासचिव निशांत जोशी, विश्वनाथ माहरा, शशिकांत श्रीवास्तव,देशराज ,मोहम्मद जमीर ,सतीश तिवारी, नवीन निगम, विवेक सोनी ,गोविंद चौधरी ,नसीम खान ,अनीश खान, हेतराम मिश्रा, विजय सिंह, राम मनोहर, प्रदीप मिश्रा, लाला पुरवा, भगवानदास मिश्रा, केदार गुप्ता, विष्णु सोनी साथ ही काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।आज के इस कार्यक्रम में शहडोल,जैतपुर तथा गोहपारू ब्लाक के 31लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण की।

## महानिमन मैदान में 20 दिसंबर से होने वाली लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर

कुंडम.बघराजी नगर के महानिमन स्टेडियम में 20 दिसंबर से शुरू होने जा रहे लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर है कोरोना काल में विगत 2 वर्ष के बाद अब 31 वां टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है सनी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष राजेश सोनी सचिव विनिष साहू कोषाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा उपाध्यक्ष डॉ रजनीश विश्वकर्मा राजकुमार विश्वकर्मा दीपचंद धनगर अकरम खान नीरज पटेल सुदीप चौधरी गोविंदा चौधरी धरम बर्मन आशीष चक्रवर्ती गुड्डू चक्रवर्ती शिवम यादव हिमांशु विश्वकर्मा आदिल खान सनी स्पोर्ट्स क्लब के सभी सदस्य एवं नगर के लोग इन दिनों रात दिन मैदान को तैयार करने में लगे हुए हैं पूरे मैदान की सिंचाई कर इसमें डीएपी, यूरिया, मैदान पर छिड़क कर हरी घास उगाई जा रही है मैदान के गड्ढे भरे जा रहे हैं मैदान का समतलीकरण किया जा रहा है पुरे स्टेडियम की पुताई रंगाई का कार्य चालू है इस टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्रीय लोगों में काफी उत्साह रहता है करोना काल के बाद यह 31 वा टूर्नामेंट प्रारंभ होगा इस टूर्नामेंट में मुंबई दिल्ली कोलकाता इलाहाबाद नागपुर झांसी बिलासपुर सहित बड़ी ब?ी नामी-गिरामी टीमें हिस्सा लेती आ रही है इन टीमों को इस टूर्नामेंट के स्टार्ट होने का बेसब्री से इंतजार है

## जिले में आदिवासी प्रेम की हकीकत

# दशकों से आदिवासियों को नहीं दिया अध्यक्ष बनने का अवसर

***शहडोल। वर्तमान समय में पूरे देश एवं प्रदेश में आदिवासियों के प्रति राजनीतिक दलों द्वारा अपनी मोह माया लुटाने का तूफानी दौर जारी हैद्य इस माहौल के बीच यदि हम बात करें शहडोल जिले में राजनीतिक दलों द्वारा अतीत में अभी तक आदिवासियों के राजनीतिक उत्थान की तो यहां आलम कुछ और ही नजर आता है।***

बीते कई वर्षों से शहडोल में बड़े राजनीतिक दलों में जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी आदिवासियों को नहीं दी जा रही हैद्य दशकों पूर्व कांग्रेस में जहां स्वर्गीय शिवप्रसाद सिंह बिसाहूलाल सिंह को जिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था वही अमर सिंह मामू को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बनाया गया थाद्य पूर्व में सुश्री उमा धुर्वे को महिला कांग्रेस अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन दिया गया थाद्य भाजपा और कांग्रेस में पिछले डेढ़ दशक से किसी आदिवासी को जिलाध्यक्ष बनने का अवसर नहीं मिल सका हैद्य जिलाध्यक्ष बनने का अवसर जब आता है उस दौरान सामान्य वर्ग के नेता ही दौड़ धूप तेज कर देते हैं बाद में उन्हें ही जिम्मेदारी पार्टी की ओर से सौंप दी जाती हैद्य इसके लिए रायशुमारी का सॉन्ग भी होता है पर इसे औपचारिकता ही माना जाता हैद्य शहडोल जिले में अभी आदिवासी तब का राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा वोट बैंक बनकर रह गया हैद्य सभी राजनीतिक दल उनका उपयोग चुनाव के वक्त वोट लेने के लिए ही करते हैंद्य जिले में जो आदिवासी राजनीतिक दलों से संबंध हैं वह कार्यकर्ता की जिम्मेदारी का निर्वहन ही सालों से कर रहे हैं यह अवश्य है कि आदिवासियों को साधने के लिए कांग्रेस में आदिवासी प्रकोष्ठ एवं भाजपा में आदिवासी मोर्चा बना दिया जाता हैद्य हालांकि भाजपा में पार्टी गाइडलाइन के अनुसार महामंत्री पद आदिवासी वर्ग के नेताओं को दी गई हैद्य जब चुनाव नजदीक आता है उस समय राजनीतिक दलों को आदिवासियों का बड़ा वोट बैंक याद आने लगता है बड़े नेता भी आदिवासियों को अपने पक्ष में नहीं आने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं चुनाव के कुछ समय पहले आदिवासियों के विकास के लिए ढेरों योजनाओं की घोषणा की जाती हैं चुनाव का दौर होने के बाद सब कुछ पुरानी पटरी पर ही चलने लगता है। बीते 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती के दौरान आदिवासियों को अपने पक्ष में लाने के लिए सत्ता पक्ष भाजपा द्वारा जहां बड़े-बड़े आयोजन किए गए वहीं कांग्रेसी एवं अन्य दलों द्वारा भी बिरसा मुंडा की जयंती पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गयाद्य विधानसभा चुनाव के 2 वर्ष पूर्व अचानक शहीद बिरसा मुंडा की जयंती को यादगार बनाने के लिए सभी दलों में इसलिए होड़ मच गई क्योंकि चुनाव नजदीक है सभी को आदिवासियों के बड़े वोट बैंक पर नजर जम चुकी है सत्ता पक्ष सहित अन्य पार्टियों में भी आदिवासी प्रेम उमड़ने लगा है।

# पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिवस मनाया



कुंडम.आज दिनांक 18/11/21 को माननीय कमलनाथ जी पूर्व मुख्यमंत्री म प्र के जन्मदिवस के अवसर पर ब्लाक युवक कांग्रेस कमेटी कुण्डम द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने कुंडम अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किए, और यह संकल्प लिया कि बेरोजगारी एवं मंहगाई के लिए जवाबदार इस सरकार को उखाड़ फेंकना है कांग्रेस पार्टी गरीबों की पार्टी है जिसने सदैव गरीब कल्याण की बात की है।इस अवसर पर अध्यक्ष अमित साहू,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संदीप साहू, जनपद अध्यक्ष भवानी साहू बेटु गर्ग ,सत्यम,कछवाहा, आशीष साहू, सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया ने कसी कमर



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच इन दिनों तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। टी-20 श्रृंखला समाप्त होने के बाद दोनों देशों के दरम्यान दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस श्रृंखला को देखते हुए टीम इंडिया के खिलाड़ी मुंबई में विशेष ट्रेनिंग कर रहे हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 25 नवंबर से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले जाएगा। जबकि, दूसरा टेस्ट मैच का आयोजन तीन दिसंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। कीवी टीम के खिलाफ खेले जाने वाली टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम इंडिया ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। यह सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाएगी।

### मुंबई में टीम इंडिया कर रही स्पेशल ट्रेनिंग

न्यूजीलैंड के विरुद्ध होने वाले सीरीज को लेकर भारत के टेस्ट सितारे तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। टीम इंडिया को मुंबई में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र से गुजरना पड़ा है। इस दौरान इशांत शर्मा, शुभमन गिल, अजिंक्य रहाणे, मयंक अग्रवाल, उमेश यादव और प्रसिद्ध कृष्णा वर्तमान में मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### मयंक अग्रवाल ने शेयर की फोटो

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल ने सोशल साइट इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। उन्होंने फोटो कैप्शन में लिखा, प्रशिक्षण शिविर में इशांत शर्मा, अजिंक्य रहाणे, शुभमन गिल, उमेश यादव और प्रसिद्ध कृष्णा के साथ ट्रेनिंग कैंप में अभ्यास करते हुए। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन का बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली दो मैचों की श्रृंखला से पहले भारत के लिए प्रशिक्षण शिविर की मेजबानी कर रहा है।

### एमसीए ने 100 फीसदी दर्शकों के उपस्थिति की अनुमति मांगी

इससे पहले महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन ने मुंबई में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच के दौरान राज्य सरकार से 100 फीसदी दर्शकों की अनुमति मांगी है। दोनों देशों के बीच खेली जा रही टी-20 सीरीज बाद टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला जयपुर में खेला गया जबकि दूसरा मैच आज रांची में खेला जाएगा वही, 21 नवंबर को तीसरा और आखिरी टी-20 मैच कोलकाता में होगा।




## रांची में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड टी-20 पर संकट के बादल

**नई दिल्ली।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच चल रही टी-20 क्रिकेट श्रृंखला के दूसरे मुकाबले पर संकट मंडरा रहा है। रांची स्टेडियम में 19 नवंबर (शुक्रवार) को होने वाला मैच स्थगित करने की मांग की जा रही है। मैच को स्थगित करने या स्टेडियम में सिर्फ 50 फीसदी दर्शकों को ही आने की अनुमति देने की मांग को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। वकील धीरज कुमार ने झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के जेएससीए स्टेडियम में न्यूजीलैंड और भारत के बीच शुक्रवार को होने वाले श्रृंखला के दूसरे टी-20 मैच में शत प्रतिशत सीट दर्शकों के लिए खोले जाने के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की है। वकील ने सौ फीसदी क्षमता के साथ क्रिकेट मैच के आयोजन की छूट दिए जाने का विरोध किया है।याचिकाकर्ता ने कहा कि कोरोना संक्रमण को लेकर जब राज्य के मंदिर, अदालतों सहित अन्य कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ काम कर रहे हैं तो किस नियम के तहत राज्य सरकार ने क्रिकेट स्टेडियम को 100 प्रतिशत क्षमता के साथ इस्तेमाल करने की छूट दी है? वकील ने याचिका में शुक्रवार के मैच को स्थगित करने अथवा शत प्रतिशत क्षमता से स्टेडियम के उपयोग पर रोक लगाने की मांग की गई है।

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट में इस वक्त नस्लभेदी टिप्पणी (रेसिज़्म) का मामला तूल पकड़ा हुआ है।



### छह साल बाद इंग्लिश क्रिकेटर ने पूरे परिवार से मांगी माफी

## पुजारा के खिलाफ हुई थी नस्लभेदी टिप्पणी

यॉर्कशायर कॉउंटी क्रिकेट क्लब से शुरू हुआ यह विवाद अब लगातार बढ़ता ही जा रहा है। भारत के स्टार टेस्ट बल्लेबाज और शांतचित माने जाने वाले चेतेश्वर पुजारा भी इसका शिकार हो चुके हैं। पुजारा को साल 2015 में इंग्लैंड में नस्लभेद का सामना करना पड़ा था। यॉर्कशायर के लिए खेलने वाले पुजारा के साथी खिलाड़ी उनका नाम स्पष्ट तरीके से नहीं बोल पाते थे और इस वजह से उन्हें स्टीव नाम से पुकारकर उनका मजाक उड़ाते थे। अब यह पूरा मामला 6 साल बाद सामने आया है जिसके बाद नस्लीय टिप्पणी करने वाले इंग्लैंड के क्रिकेटर जैक ब्रूक्स ने पुजारा से माफी मांगी है। ब्रूक्स अब समरसेट के लिए खेलते हैं, लेकिन 2015 में वह यॉर्कशायर क्रिकेट क्लब के साथ अपने पहले कार्यकाल के दौरान पुजारा के साथी थे।ब्रूक्स ने एक बयान जारी कर कहा कि वह तब इसे नस्लवादी नहीं मानते थे। उन्होंने कहा, %हां यह पुजारा के साथ हुआ है। हम उनके पंथ या नस्ल की परवाह किए बिना उपनाम दे देते थे। मैंने भी यह गलती की है। मैं इसे स्वीकार करता हूं। ऐसा करना अपमानजनक और गलत था। मैंने चेतेश्वर से संपर्क किया और उनसे और उनके परिवार से मेरे द्वारा किए गए अपराध के लिए माफी मांगी है। उस समय मैं इसे नस्लवादी नहीं मानता था, लेकिन अब यह स्वीकार्य नहीं है।गौरतलब है कि ब्रूक्स इस शब्द का उपयोग करने के अलावा, अपने नस्लवादी ट्वीट्स के लिए भी जांच के दायरे में हैं। हालांकि, उन्होंने अपना ट्विटर अकाउंट डिलीट कर दिया है, लेकिन उनके ट्वीट्स सार्वजनिक हैं।

# ज्योति सुरेखावेनाम ने भारत को दिलाया गोल्ड मेडल



**नई दिल्ली।** ज्योति ने 2015 की विश्व चैंपियन किम युन्ही को सेमीफाइनल में आसानी से 148-143 से हराया और फिर ओह यूह्युन को 146-145 से हराकर भारत के लिए प्रतियोगिता का पहला स्वर्ण पदक जीता। अंतिम सेट से पहले दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने दो अंक की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने एक बार 10 और दो बार नौ अंक जुटाए। कोरियाई तीरंदाज के विवादास्पद फैसले में नौ अंक जुटाने के साथ भारत का पहला स्वर्ण पदक पक्का हो गया। कोच सहित पूरे कोरियाई दल ने फैसले को चुनौती दी क्योंकि उनका मानना था कि निशाना 10 अंक पर लगा है लेकिन जज ने नौ अंक पर फैसला दिया।ज्योति ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले सेट में तीन बार 10 अंक के साथ 30-29 की बढ़त बनाई। हालांकि वह दूसरे सेट में दो बार नौ अंक के साथ 28 अंक ही जुटा सकीं, जबकि कोरियाई तीरंदाज ने दो बार 10 अंक के साथ 29 अंक से स्कोर 58-58 से बराबर कर दिया। ज्योति ने हालांकि तीसरे सेट में तीन परफेक्ट 10 के साथ 88-86 की बढ़त हासिल की। दोनों तीरंदाजों ने इसके बाद 30-30 अंक जुटाए। अंतिम प्रयास पर मुकाबले को शूट आफ में खींचने के लिए कोरिया तीरंदाज को 10 अंक जुटाने थे लेकिन वह मामूली अंतर से चूक गईं।मिक्स्ड टीम स्पर्धा में मिला रजत ¬ज्योति सुरेखा वेनाम और युवा तीरंदाज रिषभ यादव को कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष वरीय कोरिया के खिलाफ एक अंक से शिकस्त के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। पहले दौर में कोरिया और भारत दोनों की जोड़ियों ने समान 38 अंक जुटाए। पूर्व विश्व चैंपियन किम युन्ही और चोई योंगही की अनुभवी जोड़ी ने हालांकि इसके बाद चार बार 10 अंक जुटाते हुए 155-154 से जीत दर्ज की।



# कुंडली भाग्य की प्रीता वेडिंग रिसेप्शन लुक ने जीता फैंस का दिल

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की संस्कारी और सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली बहू %प्रीता% उर्फ श्रद्धा आर्य असल जिंदगी में भी शादी के बंधन में बंध गई हैं। श्रद्धा आर्य ने 16 नवंबर को नवल ऑफिसर संग सात फेरे लिए। श्रद्धा की शादी बिग फैट इंडियन वेडिंग थी जो पूरे रीति- रिवाज और धूम-धाम के साथ हुई। शादी के बाद श्रद्धा की वेडिंग रिसेप्शन भी रखा गया। वेडिंग रिसेप्शन में श्रद्धा के लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया।श्रद्धा आर्य की शादी दिल्ली के अंदाज होटल में सम्पन्न हुई। जिसमें उनके कई दोस्त और परिवार के लोग शामिल हुए। श्रद्धा और राहुल की अरेंज मैरिज है जो उनके परिवार की सहमति से हुई है। श्रद्धा की शादी का उनके फैंस को खासतौर पर इंतजार था। वहीं शादी के बाद अब उनकी शादी के कई वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं। जिन्हें खूब पसंद किया जा रहा है। शादी के बाद अगले दिन श्रद्धा का वेडिंग रिसेप्शन था जिसमें श्रद्धा बेहद खूबसूरत नजर आई।श्रद्धा ने अपनी शादी में हैवी ड्रेस और ज्वेलरी कैरी की थी। इसके इतर उन्होंने अपना वेडिंग रिसेप्शन लुक बेहद सिंपल रखा। उन्होंने वेडिंग रिसेप्शन में साड़ी पहनी थी । वो भी कोई हैवी बनारसी या कांजीवरम नहीं बल्कि नेट की साड़ी पहनी थी। श्रद्धा इस सिंपल लुक में बेहद खूबसूरत नजर आ रही थीं। ग्रे कलर की इस बेहद खूबसूरत साड़ी के साथ उन्होंने फुल स्लीव्स ब्लाउज पहना। इसके साथ उन्होंने हाथों में लाल चूड़ा भी पहना था। श्रद्धा ने कोई हैवी मेकअप ना करते हुए बेहद सिंपल लुक रखा था। श्रद्धा का ये लुक खूब पसंद किया जा रहा है।श्रद्धा के फैंस भी उनकी सादगी पर अपना दिल हार बैठे हैं। सोशल मीडिया पर उनके वेडिंग रिसेप्शन की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं। जिनमें वो अपने पति राहुल नगल के साथ रोमांटिक पोज दे रही हैं। बता दें कि श्रद्धा आर्य की शादी 16 नवंबर को हुई। जिसके बाद 17 नवंबर को उनका वेडिंग रिसेप्शन रखा गया था। श्रद्धा की शादी में उनका ऑनस्क्रीन परिवार भी शामिल होने पहुंचा था। श्रद्धा की शादी में उनकी ऑनस्क्रीन मां सुप्रिया शुक्ला, ऑनस्क्रीन बहन अंजुम फाकीह और उनकी देवरानी का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री रूही भी पहुंची थीं।





श्रद्धा आर्य

**3** कृषि कानून बिल वापस लेने की प्रधानमंत्री की घोषणा

## किसानों के चेहरों में आई खुशी

# जबलपुर के किसानों ने कहा सरकार का बेहतर निर्णय






कांग्रेस ने किया स्वागत, संयुक्त किसान मोर्चा भी खुश

**जबलपुर, यशभारत। केंद्र सरकार द्वारा तीनों कृषि कानून वापस लेने के निर्णय के बाद किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आ रही है। जबलपुर से लेकर पूरे मध्यप्रदेश में कानून वापस लिए जाने पर खुशियां मनाई जा रही है। गैरराजनीतिक किसान संगठनों द्वारा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया जा रहा है।**

जबलपुर के पाटन-पनागर, सिहोरा, बरेला और शहपुरा सहित अन्य क्षेत्रों के किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस निर्णय का स्वागत करते हुए बधाईयां दी है। मालूम हो कि सिंघु और टीकरी, दिल्ली बार्डर और देश में कई स्थानों पर किसान तीनों कृषि कानूनों के खिलाफबीते 14 महीने से किसान आंदोलन कर रहे थे। जबलपुर के सिहोरा में भी किसान संयुक्त मोर्चा के राकेश टिकैत ने भी आमसभा ली थी। उल्लेखनीय है कि आज सुबह राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानून बिल वापस लेने की घोषणा करते हुए कहा कि संसद के सत्र में इन कानूनों को वापस लेने की प्रक्रिया शुरू होगी।



### किसानों का कहना है



कृषि कानून वापस लेने का निर्णय होना गर्व की बात है। लगातार सरकार के खिलाफ आंदोलन किए जा रहे थे। जबलपुर के विभिन्न क्षेत्रों से किसान कानून का लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। जिसका सुखद परिणाम सामने आया है। सरकार अपना निर्णय कायम करते हुए इसका प्रस्ताव संसद में पास कराए।

**रमेश पटेल, किसान नेता जुनवानी सिहोरा**



सरकार ने बिना किसानों का पक्ष जाने बिल बनाया,जो किसानों के हित मे नही था। सरकार ने अपना निर्णय वापस लिया,उसके लिए धन्यवाद। प्रधानमंत्री जी से आग्रह है कि भविष्य में किसानों के हित मे निणज़्य लेने के पूर्व किसानों से भी चर्चा की जावे।

**यज्ञदत्त व्यास, किसान पनागर**



कानून वापस लेने पर प्रधानमंत्री और सरकार को सबसे पहले धन्यवाद। स्वागत योग्य निर्णय है। किसानों के चेहरों में खुशी झलक रही है। अभी तक किसान चिंता में थे, यह कानून उनके अधिकार छीन रहा था। किसान राहत महसूस कर रहे इसका प्रस्ताव सरकार जल्द पास कराए।

**विनय पटेल,किसान सिहोरा**



सुबह जब प्रधानमंत्री ने राष्ट्र के नाम संबोधन देते वक्त यह घोषणा की कृषि कानून वापस लिए जाएंगे तो खुशी का ठिकाना नहीं था। वास्तव में आज का दिन किसानों के लिए सबसे अच्छा दिन था। प्रधानमंत्री के इस निर्णय का किसानों ने स्वागत किया है।

**शशिकांत पाण्डे, किसान पनागर**



आज की सुबह किसानों के चेहरों में मुस्कान वाली थी। प्रधानमंत्री ने कृषि कानून वापस लेकर किसानों के हितों में निर्णय लिया है। कानून वापस लेने में भले ही देर हुई परंतु सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है।

**अमित तिवारी, किसान, पड़वार बरेला**



कृषि कानून वापस का निर्णय होने पर किसान भाईयों के साथ मिष्ठान वितरण किया गया। सरकार ने किसानों के हितों का ध्यान रखते निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री के संबोधन में यह बात सामने आई कि सरकार किसान हितैषी है।

**मोहित गर्ग किसान पड़वार बरेला**

### कांग्रेस ने बांटी मिठाई, किसानों की जीत हुई

शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिविक सेंटर पर कृषि कानून वापस होने की बात पर मिष्ठान वितरण किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कानून वापस लेने का प्रधानमंत्री का निर्णय स्वागत योग्य है, भाजपा सरकार अपने इस निर्णय पर कायम रहते हुए प्रस्ताव संसद में पास कराए। सरकार का निर्णय राजनीतिक नहीं होना चाहिए क्योंकि किसानों ने कृषि कानून को लेकर अपनी जान गंवाई है। यह निर्णय किसानों की जीत है।

# ओएफके से रिटायर्ड कर्मी को कार ने मारी टक्कर मौत

**जबलपुर, यशभारत।** मदन महल के लेबर चौक में सब्जी लेने निकले एक्टिवा सवार खमरिया फैक्ट्री के सेवा निवृत्त कर्मचारी को, तेज रफ्तार कार चालक कुचल दिया।आनन-फानन में खून से लथपथ कर्मी को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां सिर में आई चोट के बाद ब्लड क्लोटिंग से उनकी मौत हो गयी। जानकारी अनुसार रांझी आजाद नगर में रहने वाले दिलीप जैन उम्र 65 वर्ष अपनी एक्टिवा से रानीताल किसी काम से आए थे और घर जाते समय सब्जी लेने लेबर चौक आए थे। जहां एक अज्ञात कार ने वृद्ध को कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से वृद्ध को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां दो दिन तक चले इलाज के बाद अलसुबह वृद्ध ने अंतिम सांस ली।



### सिर में सीधी चोट

सपन जैन परिजन, ने बताया कि हादसे में कार ने सीधी टक्कर मार दी थी। जिसके बाद दिलीप जैन सीधे सिर के बल सड़क पर गिर गए और बेहोश हो गए। चिकित्सकों ने बताया था कि उनके सिर में गंभीर चोट है और ब्लड क्लॉटिंग हो गई है। जिसके बाद उनकी मौत हो गयी।

### सीसीटीव्ही से निकाली फुटेज

जानकारी अनुसार लार्डगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर, हादसे के दिन की सीसीटीव्ही फुटेज निकाल ली है। जिसमें आरोपी साफ-साफ दिख रहा है। पुलिस सरगर्मी से आरोपी की तलाश कर रही है।

# पनागर में मजदूर को गर्दन में मारी चाकू

### जातिगत रूप से किया अपमानित करने पर मामला दर्ज

**जबलपुर, यशभारत।** पनागर में एक युवक ने पुरानी रंजिश के कारण एक मजदूर को गर्दन में चाकू मारकर घायल कर दिया और जातिगत रूप से अपमानित किया। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी की तलाश में जुटी है। पनागर एसआई भगत सिंह ने बताया कि राहुल कोल उम्र 20 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह बजरंग वार्ड पनागर में रहता है और मजदूरी करने ग्राम देवरी जाता है। दरमियानी रात जब वह अपने घर के सामने खड़ा था तभी देवरी ग्राम का विकास केवट आया और पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौच कर, जातिगत रुप से अपमानित किया। उसने विरोध किया तो चाकू से वार कर गर्दन और हाथ घायल कर दिए और मौके से फरार हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।






# गांधीवादी तरीके से हक पाने सड़क पर वृद्ध दंपत्ति

**जबलपुर, यशभारत।** शुक्रवार की सुबह-सुबह गोलबाजार क्षेत्र में घूमने निकले व्यक्ति उस वक्त हैरान हो गए जब 70 से 75 साल के वृद्ध दंपति धरने पर बैठ गए। अचानक से धरना दे रहे वृद्ध दंपति से लोगों ने कारण पूछा तो दोनों ने पहले कुछ भी बताने से इंकार करते रहे लेकिन जब मौके पर पुलिस पहुंची तो उन्होंने पूरी घटना बयां कर दी। गोलबाजार निवासी अनंत कुमार सरकार अपनी पत्नी के साथ धरना देते हुए पुलिस को बताया कि छोटा भाई अंजन सरकार ने घर पर कब्जा कर लिया है। शुक्रवार सुबह वह मुंबई से जबलपुर पहुंचे घर में ताला लगा हुआ था। भाई के घर में आवाज लगाकर ताला खोलने को कहा गया तो किसी ने दरवाजा नहीं खोला मजबूरी में पति-पत्नी को धरना देकर अपनी आवाज पुलिस तक पहुंचानी पड़ी।

**धक्के मारकर भगा दिया था कुछ दिन पहले-**

**गोलबाजार स्थित घर के सामने धरने पर बैठे**

पीड़ित वृद्ध दंपत्ति ने बताया कि मुंबई में बैंक में कार्यरत था, रिटायरमेंट के बाद वह अपने घर जबलपुर में रहने बीते दिनों आया था लेकिन छोटे भाई ने धक्का देकर उसे घर से भगा दिया। इसके बाद आज शुक्रवार को दोबारा घर पर रहने आया तो गेट पर ताला लगा हुआ था।

**छोटे भाई ने दरवाजा बंद किया, पुलिस हुई परेशान-** बड़े भाई और भाभी के धरना दिए जाने के बाद छोटे भाई अंजन सरकार ने अपने घर का दरवाजा बंद कर लिया है। वृद्ध दंपति और आसपास के लोगों ने आवाज देकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन छोटे भाई ने दरवाजा नहीं खोला। इसकी जानकारी जब लार्डगंज पुलिस को लगी तो मौके पर पहुंचकर मामला निपटाना चाहा लेकिन पुलिस कर्मियों के आवाज देने क बाद भी छोटे भाई अंजन सरकार ने दरवाजा नहीं खोला। दो भाईयों के प्रापर्टी विवाद पर पुलिस भी हैरान दिखी। पुलिस का कहना है कि छोटे भाई द्वारा बातचीत नहीं की गई तो कार्रवाई की जाएगी।

# 7 थानों में 8 वाहनों की चोरी

### गोरखपुर, बरेला, गोहलपुर, अधारताल, गढ़ा, पनागर, ग्वारीघाट में मामला दर्ज, जांच जारी

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में वाहन चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते शहर के 7 थाना क्षेत्रों में वाहन चोरी की एफआईआर दर्ज हुईं है। शातिर चोर गैंग बनाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है, जिससे अब पुलिस के माथे पर भी बल पड़ने लगा है। मामले दर्ज होने के बाद पुलिस सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है, साथ ही निगरानीशुदा बदमाशों की भी लिस्ट खंगाली जा रही है,ताकि चोरों को दबोचा जा सके।

### गोरखपुर में कार, गणेश मंदिर से एक्टिवा गायब

गोरखपुर पुलिस ने बताया कि दो वाहन चोरी की एफआईआर दर्ज की गईं है। जिसमें मोहित भाटिया निवासी हाथीताल ने मामल दर्ज करवाते हुए बताया कि कार क्रमांक एमपी 20 एफए 8245 घर के बाहर खड़ी थी। दरमियानी रात वह खाना खाकर सो गया, सुबह उठा तो कार गायब थी। इसी प्रकार मनोज जैन पिता शिखर जैन निवासी सदर कैंट ने बताया कि वह गणेश मंदिर पुष्प कुंज गया हुआ था। वहां भगवान के दर्शन कर, पूजन किया और वापस आया तो एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसजी 4300 चोरी हो गयी। आसपास पता किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल सका।

**गैंग बनाकर दे रहे वारदातों को अंजाम, पुलिस तलाश रही सीसीटीव्ही फुटेज**

### घर के सामने से बाइक गायब

इसी प्रकार गोहलपुर के शांति नगर निवासी अरुण शर्मा ने थाने पहुंचकर पुलिस को बताया कि उनके घर के सामने खड़ी बाइक क्रमांक एमपी 20 एमजेड 5389 गायब हो गई। तो वहीं बरेला में प्रधान आरक्षक पन्ना लाल ने बताया कि दल्लू पटैल निवासी मलारा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसके घर के बरामदे में खड़ी टू व्हीलर, दरमियानी रात चोरी हो गयी। आसपास पता करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खंगाले जा रहे सीसीटीव्ही फुटेज

इसी प्रकार थाना अधारताल और ग्वारीघाट में भी वाहन चोरों ने दो बाइकों में हाथ साफ कर लिया। अधारताल पुलिस ने बताया कि मैत्री नगर महाराजपुर निवासी सतीश कुमार पटैल ने बताया कि दरमियानी रात घर के सामने खड़ी पेसन प्रो क्रमांक एमपी 20 एमई 4794 चोरी हो गया। तो वहीं ग्वारीघाट थाना प्रभारी भूमेश्वरी चौहान ने बताया कि टू व्हीलर चोरी का मामला दर्ज किया गया है। मामले में पूछताछ जारी है। इसी प्रकार थाना गढ़ा में अनिमेश कुमार ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया कि वह हितकारिणी स्कूल आया था। जहां बाइक खड़ी की थी, लेकिन घर जाने के लिए जैसे ही निकला, बाइक गायब हो गयी। पुलिस चोरों का पता लगाने सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।



# बहन से छेड़छाड़ का बदला, घर में लगा दी आग

### रोज-रोज की प्रताड़ना से तंग थे परिजन, शोहदा गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया थाना अंतर्गत इसाई मोहल्ला में एक कच्चा मकान अचानक आग की लपटों से भभक उठा। जिसके बाद पहुंची पुलिस ने,मोहल्ले वालों की मदद से आग पर काबू पाया। मामले की जांच में यह तथ्य सामने आया कि कुछ दिन पहले मकान में रहने वाले दो युवक, पास में ही रहने वाली युवती से आए दिन छेड़छाड़ करते थे। जिससे तंग होकर युवती के भाईयों ने शोहदे के मकान में आग लगा दी। जिसके बाद पुलिस ने शोहदे को गिरफ्तार कर लिया। जिसे जेल भेज दिया गया है। खमरिया पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि इसाई मोहल्ला में आग लगने की सूचना पर पहुंची पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला कि गोपाल साहू एक युवती से छेड़छाड़ कर रहा था, जिसके बाद पास में ही रहने वाले दो भाई, बाबू और उदय मोरेन ने ही उसके छप्पर वाले मकान में आग लगा दी थी। आग पर समय रहते काबू पा लिया गया था। इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। कुछ घरेलु सामान जलकर खाक हुआ है।

**खमरिया थाने का मामला, जांच जारी**

### घर से निकलना कर दिया था बंद

जानकारी अनुसार रोज-रोज की छेड़छाड़ से तंग आकर युवती ने घर से निकलना बंद कर दिया था। आसपास के लोगों ने शोहदे को समझाया भी, लेकिन शोहदा नहीं माना। जिसके बाद तंग आकर युवती के भाईयों ने शोहदे को सबक सिखाने के लिए इस अग्निकांड की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier
Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध


# जंगल में बन रही थी अवैध शराब

### 38 ड्रमों में मिला 7 हजार 500 लीटर लाहन

**जबलपुर, यशभारत।** खमरिया में गधेरी के जंगलों में बकायदा भट्टी लगाकर शराब बनाई जा रही थी। जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर 38 ड्रमों में भरा हुआ लगभग 7 हजार 500 लीटर लाहन एवं शराब की भट्टियां नष्ट कर दी। कार्रवाई के दौरान शराब माफिया पुलिस को देखकर जंगल के रास्ते फरार हो गए। थाना प्रभारी खमरिया, सुश्री निरूपा पाण्डे ने बताया कि ग्राम गधेरी के जंगल में भोलक घाट एवं खरहर घाट के पास अवैध कच्ची शराब उतारे जाने की सूचना पर दबिश दी गई। जहां हिरण नदी के किनारे भोलक घाट एवं खरहर घाट में 4 भट्टियॉ लगी दिखी।


अब नये परिवेश में
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्निशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK'S Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार
अजित कुमार
गुलाबी चना
मुरमुरा
बोल्ड चना
केला चिप्स
बोल्ड पीनट
मसाला चना
ड्राय मेल
चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )